नई दिल्ली

सोमवार, 8 अप्रैल 2024

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 27, अंक : 362
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 30
न्यून. 22


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 मुंबई की पहली जीत, दिल्ली की चौथी...





विचार पेज
08 सेहत के लिए उपवास बहुत खास


इस सूर्य ग्रहण का वैज्ञानिकों को इंतजार है। पूर्ण सूर्य ग्रह के दौरान सूर्य का कोरोना नजर आ सकता है। ये सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

## सूर्य ग्रहण से पहले सूरज में शांति देखी, कुछ दिनों पहले ही सौर गतिविधि अधिक थी


# सूर्य ग्रहण से पहले सूरज में हुए अचानक बदलाव से पूरी दुनिया के वैज्ञानिक हैरान

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल यानी सोमवार को लगने वाला है।

पश्चिमी यूरोप पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक मेक्सिको, उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, कनाडा, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र और आयरलैंड में यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नजर आएगा। अंतरिक्ष में सूरज को चंद्रमा पूरी तरह से ढक लेता है, तो पूर्ण सूर्य ग्रहण लगता है। इस दौरान ⏩ शेष पेज 5 पर

अमेरिका में इस सूर्य ग्रहण को लेकर आम लोगों से लेकर वैज्ञानिक तक उत्साहित हैं। सूर्य ग्रहण में भी पूर्ण सूर्य ग्रहण सबसे खास है। ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में कुछ मिनटों का समय ऐसा होता है, जब सूर्य का कोई भी प्रकाश धरती पर नहीं पहुंचता।





### अचानक सूर्य को क्या हुआ?

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि सोलर मैक्सिमम का चरण पूर्वानुमान से एक साल पहले ही शुरू हो गया है, लेकिन जब तक पूरी तरह खत्म नहीं होता है, तब तक हम कुछ नहीं कहा जा सकता है। बीते दो महीनों से सौर गतिविधियां बहुत अधिक बढ़ी हुई थीं। सूर्य पर विशाल सनस्पॉट थे जिनसे लगातार एक्स श्रेणी की सौर लपटें निकल रही थीं। यह सबसे शक्तिशाली सौर विस्फोट होते हैं। 23 मार्च को प्लाज्मा और रेडिएशन का एक बादल पृथ्वी से टकराया, जिसे कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) कहा जाता है। यह पृथ्वी पर छह साल का सबसे बड़ा सौर तूफान था। लेकिन अब सूर्य में पृथ्वी की ओर कुछ ही एक्टिव सनस्पॉट हैं। यह भी बहुत छोटे हैं। इसमें से ग्रहण के समय बेहद कम सौर ज्वाला निकलने की संभावना है।

### सूर्य ग्रहण से रेस लगाएगा अमेरिका

## नासा के जेट करेंगे चांद की परछाई का पीछा

*नासा भी 8 अप्रैल को लगने वाले इस पूर्ण सूर्य ग्रहण की तैयारी कर रहा है। चंद्रमा की छाया तब इसके विशाल हिस्से पर पड़ेगी। इस दुर्लभ घटना के दौरान विशेष उपकरणों से लैस नासा के दो डब्ल्यूबी-57 जेट विमान उड़ेंगे। यह ग्रहण को ट्रैक करेंगे और सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेंगे। नासा का लक्ष्य है कि सूर्य ग्रहण के दौरान सूरज से जुड़े रहस्यों का खुलासा होगा। ये कोरोना की संरचना और तापमान के बारे में समझने में मदद करेंगे। इससे यह भी समझा जाएगा कि सूर्य हमारे ग्रह के आयनमंडल को कैसे* ⏩ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### 1000 फीसदी रिटर्न का दावा, सेबी का एक्शन



**नई दिल्ली।** लोगों को स्टॉक मार्केट से जुड़ी गुमराह करने वाली सलाह देने वालों पर बाजार नियामक सेबी की सख्ती जारी है। सेबी ने फाइनेंशियल इंफ्लुएंसर रविंद्र बालू भारती पर सख्त कार्रवाई करते हुए बैन लगा दिया है। साथ ही उन्हें 12 करोड़ रुपए भरने के निर्देश भी दिए हैं। रविंद्र भारती पर आरोप है कि उन्होंने 1000 फीसदी तक रिटर्न देने के दावे किए थे।

#### महाकाल मंदिर में रील मारपीट पर एफआईआर



**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बना रही कुछ लड़कियों ने मना करने वाली महिला सुरक्षाकर्मी से मारपीट की थी। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में मंदिर समिति की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पलक और परी नाम की लड़कियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

#### बंदूक लेकर सोते चल गई गोली, एसआई की मौत



**हैदराबाद।** रविवार तड़के 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अकस्मात गोली चल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह पुलिसकर्मी यहां हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। नगरकुरनूल के रहने वाले थे।

### बिहार में इंडी गठबंधन तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी रही पीएम मोदी के निशाने पर

# हम भ्रष्टाचार पर लगा रहे लगाम, इंडी गठबंधन और टीएमसी भ्रष्टाचारियों को बचा रहे: पीएम



जाचं एजेंसियां आती हैं तो टीमएसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में रैली करने के बाद दोपहर 2:30 बजे पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। 30 मिनट के संबोधन में पीएम ने टीएमसी, कांग्रेस और भ्रष्टाचारियों पर निशाना साधा।

एजेंसी ⏭ पटना/कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ चुनावी रैली और संभाएं कर रहे हैं। अपने चुनावी कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में रैली की और फिर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। दोनों ही जगह पर पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन के साथ कांग्रेस और टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने नवादा में कहा कि इंडी गठबंधन कहता है कि मोदी की गारंटी गैरकानूनी है, इसे बंद कराना चाहिए।

उन्होंने गारंटी को गुनाह बना दिया है। उन्होंने कहा कि 370 और तीन तलाक खत्म करने की गारंटी दी ⏩ शेष पेज 5 पर

पीएम ने कहा- वे कहते हैं कि मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है।




### कानून और संविधान से खिलवाड़ कर रही टीएमसी

नवादा रैली के बाद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में पीएम मोदी ने कांग्रेस और टीएमसी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी ने कहा कि 6 अप्रैल को कांग्रेस ने कहा था, मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है। इसके साथ ही पीएम ने टीएमसी को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। मोदी ने कहा- यहां जब केंद्र की जाचं एजेंसियां आती हैं तो टीमएसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है। प्रधानमंत्री 3 दिन में दूसरी बार पश्चिम बंगाल पहुंचे। इससे पहले 4 अप्रैल को उन्होंने कूचबिहार में रैली की थी। इसी दिन ममता बनर्जी ने भी कूचबिहार में ही रैली की थी। पीएम ने कहा था- संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा। उनकी बाकी जिंदगी जेल में ही कटेगी। बिहार और पश्चिम बंगाल में सभा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के जबलपुर पहुंचे जहां उन्होंने रोड शो किया,जिसमें हजारों लोग शामिल थे।

### पुणे से नेपाल जा रही बस में लगी आग

## खिड़की-दरवाजे तोड़कर कूदे 100 यात्री, लाखों का सामान राख



◆ जब आगजनी की घटना हुई तो सभी यात्री सो रहे थे सभी ने एक दूसरे को जगाया तो भगदड़ मच गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास में तीर्थ यात्रियों से भरी बस में अचानक भीषण आग लग गई। इसके बाद यात्री किसी तरह सुरक्षित बचकर निकल गए। लेकिन उनका सारा सामान जलकर राख हो गया। यह घटना जिले के बैंक नोट प्रेस थाना क्षेत्र के मक्सी रोड बाईपास के पास हुई।

बताया जा रहा है कि करीब 100 बस यात्रियों ने खिड़की दरवाजे तोड़कर बाहर कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे वाहन की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के पुणे से करीब ⏩ शेष पेज 5 पर


## रेलवे फाटक तोड़कर ट्रेन से भिड़ी कार, ड्राइवर की मौत, एक घायल

**अनूपपुर।** तेज रफ्तार कार रेलवे फाटक तोड़कर चलती ट्रेन से जा टकराई। हादसे में कार ड्राइवर की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। ट्रेन के आखिरी तीन कोच को भी नुकसान पहुंचा। इसके चलते वह करीब 7 घंटे अनूपपुर जंक्शन पर खड़ी रही। कोच बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। हादसा जैतहरी थाना क्षेत्र में बेलिया फाटक पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुआ। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ड्राइवर नरेंद्र वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी परमेश्वर को अनूपपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया।

### तैयारियों में आई तेजी

## चारधाम यात्रा के लिए आज से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। यूपी, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों से केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों पर जाने वाले यात्री अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को 8 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है। आपको बता दें कि कि सरकार की ओर से किसी भी यात्री को पंजीकरण के बिना चार धाम पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए यह जरूरी है कि यात्रा पर ⏩ शेष पेज 5 पर

### रील बनाना चाहता था युवक

## गैस सिलेंडर में धमाके से हुई मौत, चार लोग घायल

एजेंसी ⏭ कानपुर



बिल्हौर इलाके में एक अंडे की दुकान में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक आग बुझाने के बदले जलते हुए सिलेंडर और दुकान में लगी आग का रील बनाने लगे। तभी गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। धमाके से वहां मौजूद चार लोग घायल हो गए। वहीं सिलेंडर का एक टुकड़ा निखिल नाम के सिर में जा घुसा और उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जीतू बहेलिया की अंडे की दुकान में लगी आग बगल की दुकान तक पहुंच गई। इसी बीच आग में जलते हुए सिलेंडर को देखकर 20 वर्षीय निखिल और उसके पास में खड़ा अमन ⏩ शेष पेज 5 पर

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना



### उपराष्ट्रपति ने साझा की तस्वीरें

**गया।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को बोधगया में बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र मंदिर महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद उपराष्ट्रपति सीधे 1500 साल पुराने महाबोधि मंदिर गए। हवाई अड्डे पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। महाबोधि मंदिर के दर्शन से जुड़ी अपनी कुछ तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने पोस्ट में कहा कि इतिहास से भरे इस पवित्र स्थल का दर्शन उनके लिए सौभाग्य की बात है, जो भगवान गौतम बुद्ध की कालजयी शिक्षाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है।

### एनआईए ने बताया बिना किसी कारण के हमला

## भीड़ केवल कानूनी कर्तव्यों में बाधा डालने की कोशिश करते... दिखी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश की शीर्ष आतंकवाद-रोधी एजेंसी एनआईए ने पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में लोगों पर हमला करने के आरोपों का खंडन किया है। भूपतिनगर में एनआईए की टीम एक विस्फोट मामले की जांच के लिए गई थी। दिसंबर 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। एनआईए ने बयान में कहा कि जब वे नरूआबिला गांव में तलाशी लेने के लिए गए तो उसकी टीम पर अनियंत्रित भीड़ ने हिंसक हमला किया। हमला पूर्ण रूप से बिना किसी कारण और अनावश्यक था और एनआईए को उसके कानूनी कर्तव्यों को पूरा करने से रोकने की कोशिश था। एनआईए ने कहा कि स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा प्रदान किए गए सुरक्षा कवर के तहत पांच स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसमें महिला कांस्टेबल भी शामिल थीं। आखिरकार एनआईए ने पूर्वी मिदनापुर जिले में बम विस्फोट मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। एनआईए ने कहा, सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि बलाई चरण मैती और मनोब्रत जैना को गिरफ्तार करते वक्त एनआईए टीम पर हमले का उद्देश्य टीम को ⏩ शेष पेज 5 पर

जान माल का नुकसान कम किया जा सकेगा

39 डॉप्लर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है जो देश के 85 प्रतिशत भूभाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है।

### मौसम विभाग के महानिदेशक ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू किया

# अब एआई के जरिए रखी जाएगी मौसम के हालातों पर नजर ग्लेशियर के टूटने जैसी स्थितियों का लग सकेगा पूर्वानुमान

एआई और मशीन लर्निंग पद्धति से ऊर्जा उत्पादन, परिवहन बाधा आदि के बारे में भी सटीक आकलन


**यह होगा फायदा**

उन्होंने कहा कि अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पद्धति के माध्यम से न केवल मौसम परिस्थितियों, भूस्खलन, ग्लेशियर के टूटने जैसी स्थितियों का बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा, बल्कि ऊर्जा उत्पादन, परिवहन बाधा, कृषि प्रभावोत्पादकता, आपूर्ति श्रृंखला प्रभाव आदि के बारे में सटीक आकलन करने में मदद मिलेगी। इससे आंधी, तूफान, बिजली कड़कने, धूल भरी आंधी, चक्रवात का बेहतर आकलन करके कम समय में जानकारी मुहैया कराई जा सकेगी, जिससे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकेगा।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि मौसम के बेहतर पूर्वानुमान के लिए देश के लिए शुरू कर दिया है। महापात्रा ने कहा ⏩ शेष पेज 5 पर





**39 डॉप्लर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात:** उन्होंने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 39 डॉप्लर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है जो देश के 85 प्रतिशत भूभाग को कवर करता है ⏩ शेष पेज 5 पर

# दिल्ली-एनसीआर में शहरी गरीबों को वायु प्रदूषण शब्दावली की बहुत कम जानकारी: सर्वे

## केवल 10 प्रतिशत लोगों को एक्यूआई और पीएम 2.5 की थी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में शहरी गरीबों के बीच वायु प्रदूषण से संबंधित शब्दों जैसे वायु गुणवत्ता सूचकांक और पार्टिकुलेट मैटर के बारे में जागरूकता 'काफी' कम है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है।

दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 तक किए गए अध्ययन में दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम के 500 लोगों को शामिल किया गया। सर्वेक्षण के लिए, उन्हें दो समूहों, अनौपचारिक बस्तियों और मलिन बस्तियों के निवासी और औपचारिक मध्यवर्गीय बस्तियों के निवासी में वर्गीकृत किया गया था। गैर सरकारी संगठन 'चिंतन एनवायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप' के सर्वेक्षण 'साफ सांस' में कहा गया है, ₹शहरी गरीबों के बीच वायु प्रदूषण से संबंधित शब्दों के बारे में जागरूकता काफी कम थी। केवल 10 प्रतिशत लोगों को एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) और पीएम 2.5 जैसे वायु प्रदूषकों के बारे में पता था, जबकि मध्यमवर्गीय बस्तियों के 71 प्रतिशत व्यक्तियों को इसकी जानकारी थी। पीएम 2.5 सूक्ष्म कण होते हैं जिनका व्यास 2.5 माइक्रोमीटर से कम होता है। ये मानव केश से 100 गुना अधिक पतले होते हैं और लंबे समय तक हवा में रहते हैं। ये सांस लेने के साथ शरीर में घुसकर स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। अध्ययन के निष्कर्षों में यह भी बताया गया है कि 33 प्रतिशत शहरी गरीब उत्तरदाताओं ने वाहनों को, 27 प्रतिशत ने निर्माण गतिविधियों और 20 प्रतिशत ने पराली जलाने को वायु प्रदूषण के लिए मुख्य कारण माना।

## डीएमआरसी का 11वां ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) अपना 11वां ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 8 अप्रैल से 5 मई तक चलाएगा। इस बारे में डीएमआरसी की तरफ से बताया गया कि इस दौरान कंपनी अपने ग्राहकों यानी यात्रियों की सुख सुविधा, सुरक्षा, सुलभता, व्यावहरिकता आदि को लेकर उनके विचार आदि का संग्रहण करता है। जिसमें यात्री सेवा की गुणवत्ता में सुधार पर प्रतिक्रिया, विभिन्न सुझाव सहित मेट्रो परिचालन के कई पहलुओं के बारे में ग्राहक क्या सोचते है, क्या सुधार चाहते है आदि की जानकारी मिलती है। डीएमआरसी के अनुसार ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण ट्रांसपोर्ट स्ट्रैटेजी सेंटर, लंदन, जो सीओएमईटी बेंचमार्किंग समूह का प्रबंधन करता है वह करेगा। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य डीएमआरसी द्वारा अपनी मेट्रो यात्री



सेवा की गुणवत्ता में बेहतर से बेहतर सुधार करना है। डीएमआरसी ने बताया कि जो भी यात्री इस सर्वेक्षण में भाग लेना चाहते हैं, वह डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर वहां दिए गए लिंक पर क्लिक करके सर्वेक्षण फार्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए सर्वेक्षण फॉर्म अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इस सर्वे में यात्री मेट्रो कार्यप्रणाली के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। जैसे उपलब्धता, अभिगम्यता, उपयोग में आसानी, यात्रा से पहले की जानकारी, यात्रा के दौरान दी जाने वाली जानकारी, विश्वसनीयता, ग्राहक देखभाल, आराम, भीड़, सुरक्षा सहित पूर्ण संतुष्टि शामिल है। डीएमआरसी का कहना है कि दुनिया भर के सदस्य इस सर्वेक्षण में भाग ले रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनके यात्री उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में क्या सोचते हैं। सर्वेक्षण के नतीजे उन्हें अच्छी प्रथाओं को सीखने में मदद करेंगे जिनकी यात्रियों द्वारा प्रशंसा की जाती है और ग्राहकों को और भी बेहतर सेवा देने की दिशा में काम किया जाएगा।

### खबर संक्षेप

#### मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में गांवों में चुनाव प्रचार को तेज कर दिया है। रविवार को बिधूड़ी मदनगीर गांव में प्रचार के लिए पहुंचे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम का संबोधित किया। समारोह में उपस्थित सभी गांव वालों ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में एक तरफा वोटिंग करने का किया फैसला और कहा कि हम सभी भाजपा प्रत्याशी को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हुए देखना चाहते हैं, क्योंकि उन्होंने गांव वालों के लिए, किसानों और गरीबों के लिए अपनी बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया है। कार्यक्रम में मदनगीर गांव की 72 वर्षीय वृद्ध महिला ने 'ऐसा इतिहास रचा देना, सोने की चिड़िया देश बना देना गीत गाकर समां बांध दिया।

#### पीतमपुरा में रिहायशी इमारत में आग लगी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में रविवार को एक रिहायशी इमारत में आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि हमें शाम छह बजकर 23 मिनट पर एक रिहायशी इमारत में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद, दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। डीएफएस ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी है।

### 19 मार्च को गोविंदपुरी से हुई थी कार चोरी

# नड्डा की पत्नी की फॉर्च्यूनर कार वाराणसी से बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- चोरी के रैकेट में शामिल दो खरीददार समेत तीन गिरफ्तार
- केस में अन्य आरोपियों की तलाश जारी

गोविंदपुरी से 19 मार्च को चोरी हुई भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी की फॉर्च्यूनर कार साउथ ईस्ट जिला पुलिस ने वाराणसी से बरामद की है। वाहन चोरी के रैकेट में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें दो खरीददार शामिल है। एक क्रेटा कार भी बरामद हुई है। नड्डा फैमिली की कार चोरी होने की शिकायत उनके ड्रावइर जोगिन्द्र सिंह ने दर्ज करवाई थी।

डीसीपी राजेश देव के अनुसार मामले की जांच के दौरान सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। मुखबिर की निशानदेही पर केस में सबसे पहले शिवांश त्रिपाठी को पकड़ा गया। वह विकास कॉलोनी लखनऊ हरदोई यूपी का रहने वाला है। इसे पटियाला हाउस कोर्ट के पास से अरेस्ट किया गया। इसने पूछताछ में खुलासा किया कि शाहिद, उसके दामाद फारुक और शाहकुल के साथ मिलकर गोविंदपुरी इलाके से कार चोरी की थी। उस गाड़ी को चुराने के लिए क्रेटा कार से वहां पहुंचे थे। क्रेटा कार एक्सप्रेसवे थाना, गौतमबुद्ध नगर से चुरायी गई थी। आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके नेटवर्क में शामिल अन्य दो आरोपियों को भी दबोच लिया गया। फॉरच्यूनर कार सलीम को लखीमपुर खीरी में बेची गई थी। वह आगे चोरी की गाड़ियों को मुरादाबाद, सीतापुर, हाथरस, मैनपुरी में अन्य रिसीवरों को बेचता था। शिवांश त्रिपाठी की निशानदेही पर सलीम को पकड़ा गया। सलीम के बाद मोहम्मद रईस उर्फ पप्पू को सीतापुर, यूपी से गिरफ्तार किया। इसने भी कार आगे अमरोहा निवासी फुरकान को बेच दी थी। रईस की निशानदेही पर कार बेनियाबाग पार्किंग वाराणसी से बरामद की गई।

## एक करोड़ की ठगी में शामिल जालसाज लखनऊ से दबोचा

### आरके पुरम का मामला: कोर्ट ने घोषित किया था भगौडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आरके पुरम पुलिस ने जालसाजी व ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर एक करोड़ से अधिक की ठगी का आरोप है। आरोपी प्रभात सिंह उर्फ पारुल (33) बरेली, यूपी का रहने वाला है। इस पर पहले भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हो चुके थे। कोर्ट ने भी इसे भगौड़ा घोषित किया हुआ था। डीसीपी रोहित मीना के अनुसार आरके पुरम थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार त्यागी की टीम ने प्रभात सिंह को गोवर्धन एंक्लेव, लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इसने अपने बैंक खाते में ग्राहकों से प्राप्त धनराशि का दुरुपयोग करके अपने मालिक से एक करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी की थी। पीड़ित 11 फरवरी 2021 से भीकाजी कामा प्लेस में मत्सया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक फाइनेंस कंपनी चला रहा था। यह कंपनी एसएमई ऋण प्रदान करती है। प्रभात सिंह नामक एक कर्मचारी को एजेंट के रूप में रखा गया था। वह दिल्ली के विभिन्न प्रमुख बाजारों में ग्राहक ढूंढता था। वह जानबूझकर ग्राहकों के खाते में अधिक राशि वितरित करवाता था और ग्राहकों की आपत्ति पर उन्हें बताता था कि अधिक राशि अनजाने में वितरित कर दी गई थी। इसके बाद वह ग्राहकों से कंपनी में रिटर्न के तौर पर अतिरिक्त रकम अपने निजी खाते में ट्रांसफर करा लेता था। इस प्रकार उसने कंपनी का एक करोड़ रुपये से अधिक का गबन किया था। पिछले साल कोर्ट ने इसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी महज 12वीं तक पढ़ा है। इसने लखनऊ में टेस्ट ऑफ टंग के नाम से एक रेस्त्रां भी खोल रखा था। आरोपी कई अन्य लोगों से ली गई उधार की रकम भी डकार चुका है।

### तिमारपुर इलाके का मामला

## माचिस नहीं देने के विवाद में कर दिया युवक का कत्ल, दो नाबालिग दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तिमारपुर इलाके में हुए मर्डर केस को पुलिस ने महज चार घंटे में सुलझा लिया है। इस सिलसिले में दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा गया है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि हत्या की यह वारदात सिर्फ माचिस नहीं देने के विवाद में अंजाम दी गई थी। उत्तरी जिले के डीसीपी मनोज कुमार मीना के अनुसार छह अप्रैल को एक शख्स को चाकू मारने की सूचना मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची जहां ऑटो के अंदर और उसके आसपास खून बिखरा पाया गया था। खून से लथपथ शख्स को हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अंशु भाटी (21) को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के चश्मदीद वरुण का बयान दर्ज कर तिमारपुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

#### पुलिस ने दोनों आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा गया

पुलिस ने तफ्तीश के बाद दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा। दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस को आरोपियों ने बताया कि मृतक से माचिस मांगी गई थी। उसने देने से इनकार कर दिया था। इस बात को लेकर उनकी तीखी बहस हो गई जिसमें एक किशोर ने चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद दोनों फरार हो गए थे। आरोपियों में एक पहले भी जघन्य अपराध में शामिल रह चुका है।

## नशे में ड्राइविंग करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

### इस साल अभी तक तीन माह में काटे गये 6591 चालान

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली



राजधानी की सड़कों पर नशे में ड्राइव करने वालों पर यातायात पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। चलाये जा रहे स्पेशल अभियान के तहत इस साल के शुरुआती तीन महीनों में पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6591 लोगों का चालान काटा। 2022 में यह संख्या महज 399 और 2023 में 5384 थी। यातायात पुलिस के मुताबिक पिछले वर्षों की तुलना में नशे में गाड़ी चलाने के मामलों की काफी बढ़ोत्तरी हुई है, जोकि बेहद चिंता का विषय है। यहीं कारण है कि यातायात पुलिस विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत सबसे ज्यादा चालान काटे जाने वाले शीर्ष 10 ट्रैफिक सर्किल का भी विश्लेषण किया गया है। इनमें सबसे ज्यादा चालान राजौरी गार्डन ट्रैफिक सर्किल में किये गये। यहां पर आंकड़ा 333 रहा। समयपुर बादली में 252, महरौली 240, करोबाग और रोहिणी में 235 व मॉडल टाउन में 200 चालान किये गए हैं। पुलिस का मानना है कि शराब के नशे में गाड़ी चलाने से न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी खतरनाक है। ट्रैफिक पुलिस लगातार जनता से अपील भी करती है कि गाड़ी चलाते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

## डीयू: कॉलेजों में छात्रों के लिए निगरानी समिति और ग्रीवेंस सेल बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन व डीयू की पूर्व एडमिशन कमेटी के सदस्य डॉ. हंसराज सुमन ने रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में यूजी, पीजी, पाठ्यक्रमों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व डीयू से संबद्ध संस्थानों/कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली शिकायतों के समाधान के लिए कॉलेजों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विकलांग श्रेणी व अल्पसंख्यक छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एससी/एसटी सेल, निगरानी समिति व ग्रीवेंस सेल की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि डीयू प्रशासन कॉलेजों को सर्कुलर जारी करें ताकि इन वर्गों के छात्रों को शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश संबंधी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। डॉ.सुमन ने बताया है कि स्वयं दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि कॉलेजों में भी शिकायत निवारण समिति, एससी/एसटी सेल, ओबीसी सेल बने लेकिन इस संदर्भ में कॉलेजों को कोई सर्कुलर जारी नहीं किया जाता। डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत तकरीबन 79 कॉलेज हैं। जिनमें स्नातक तथा स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है। इन कॉलेजों में हर साल स्नातक स्तर पर विज्ञान, वाणिज्य व मानविकी विषयों में 70 हजार से अधिक विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। भारत सरकार की आरक्षण नीति व डीओपीटी के अनुसार सामान्य वर्ग की सीटों के अनुपात में ही अनुसूचित जाति -15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति -7.5 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) -27 प्रतिशत, के अलावा पीडब्ल्यूडी, ईडब्ल्यूएस आदि को उनके आरक्षण के हिसाब से प्रवेश के लिए सीटें उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चिंता जताई है कि हर साल एससी/एसटी व ओबीसी श्रेणी के छात्रों की सीटें खाली रह जाती हैं।

## 'वोटाथन- 24' में आईपी यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैंपस के छात्रों ने लिया भाग







हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जिला निर्वाचन कार्यालय, शाहदरा द्वारा सूरजमल विहार स्थित यमुना स्पोर्ट्स ग्राउंड में आज आयोजित 'वोटाथन- 24' में आईपी यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैम्पस के 60 छात्रों ने भी भाग लिया।

इस कार्यक्रम के लिए यूनिवर्सिटी के नोडल अधिकारी सुमंत शर्मा ने बताया कि मतदान के लिए युवाओं को जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन दौड़ में यमुनापार के तकरीबन 700 युवक- युवतियों ने भाग लिया जिसमें आईपी यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैम्पस के 60 छात्र- छात्राओं ने भी भाग लिया। इस मैराथन दौड़ को शाहदरा की उपायुक्त रिशिता गुप्ता एवं उसी परिक्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विष्णु कुमार ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया।यह मैराथन दौड़ साढ़े तीन किलोमीटर के दो पार्ट में विभाजित था। सुमंत शर्मा ने बताया कि सुबह छह बजे यह मैराथन दौड़ शुरू हो गई थी। इतनी सुबह भी युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ थी। इससे परिलक्षित होता है कि युवा मतदान को लेकर कितने उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि देश में इस बार सबसे ज्यादा युवा मतदाता है। जाहिर है कि उनकी भूमिका इस बार अहम है। ऐसे में उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित करना आवश्यक है।

## राजधानी में पारा 38 डिग्री पार पहुंचने के आसार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली का मौसम इन दिनों कभी गर्म कभी नर्म वाला रुख अपनाए हुए दिखता है। अप्रैल के महीने का एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे दर्ज हुआ है। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा दर्ज हुआ। जबकि अगले सप्ताह में दिल्ली में बारिश की संभावना बन रही है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री दर्ज हुआ।

### बारिश की भी संभावना



आईएमडी ने अनुमान जताया कि आने वाले दिनों में दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री या उससे भी ऊपर दर्ज हो सकता है। जबकि इसी बीच 13 अप्रैल को दिल्ली में बारिश की संभावना बन रही है। इससे पहले तापमान एक दो डिग्री ऊपर नीचे दर्ज हो सकता है। इस बीच तेज हवाएं चल सकती है, सुबह के समय न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है। जबकि दिन के समय सूरज अपने कड़े तेवर दिखा सकता है।

### ललित नारायण मिश्र हत्याकांड

## हाईकोर्ट ने पोते की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष तरीके से फिर से जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने वैभव मिश्र की अर्जी दोषियों की एक अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में, हत्या के लिए दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 13 अक्टूबर को वैभव को दोषियों की अपील पर अंतिम सुनवाई में सहायता करने की अनुमति दी थी, जिसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री के पोते ने हाईकोर्ट का रुख किया। न्यायमूर्ति मनोज जैन की सदस्यता वाली पीठ ने हालिया आदेश में कहा कि मौजूदा अर्जी विशेष अवकाश याचिका (आपराधिक) संख्या 13467/2023 वैभव मिश्र बनाम सीबीआई व अन्य पर सुप्रीम कोर्ट के 13 अक्टूबर 2023 के आदेश के बाद दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत दायर की गई है। पीठ ने कहा कि यह अर्जी मुख्य अपील सीआरएल.ए. 91/2015 के साथ 16 मई 2024 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाए।कांग्रेस नेता और वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ललित नारायण मिश्र दो जनवरी 1975 को समस्तीपुर में ग्रेनेड विस्फोट में घायल हो गए थे, जहां वह बड़ी लाइन के उद्घाटन के लिए गए थे। उन्हें इलाज के लिए समस्तीपुर से दानापुर ले जाया गया था, जहां तीन जनवरी, 1975 को उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व रेल मंत्री और दो अन्य की हत्या के लिए यहां निचली अदालत ने दिसंबर 2014 में तीन व्यक्तियों संतोषानंद, सुदेवानंद और गोपालजी और अधिवक्ता रंजन द्विवेदी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।







### रघुपति राघव राजा राम समेत कई गीतों के जरिए आप कार्यकर्ताओं ने की आवाज बुलंद

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' नेताओं ने किया सामूहिक अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एक दिवसीय अनशन पर बैठे। आप नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तानाशाही करने का आरोप लगाया। पार्टी के कई कार्यकर्ता और समर्थक एक दिवसीय अनशन में शामिल हुए। उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए और सलाखों के पीछे केजरीवाल की तस्वीर दिखाने वाले पोस्टर लहराए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वायर, लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड साइन, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर और टोरंटो, लंदन तथा मेलबर्न समेत कई स्थानों पर उनका प्रदर्शन शामिल हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित आप के कई वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर दिन भर के सामूहिक अनशन पर बैठे। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल ईमानदार थे, हैं और रहेंगे। उच्चतम न्यायालय ने सिंह को हाल में दिल्ली आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले में जमानत दी है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि इस मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी के 456 गवाहों में से केवल चार ने आप के राष्ट्रीय संयोजक के नाम का उल्लेख किया था। सिंह ने कहा कि लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि किस परिस्थिति में इन गवाहों ने केजरीवाल का नाम लिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को सत्ता से बाहर करने के लिए आप और विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।

#### केजरीवाल ने दिल्लीवालों की खुशी के लिए सबकुछ दांव पर लगा दिया : संदीप

आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों की खुशी के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगा दिया, अब उनके एहसानों और कामों का कर्ज चुकाने की बारी है। हम सच्चाई के साथ हैं। भाजपा में अगर हिम्मत है तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर दिखाए। अगर वो राष्ट्रपति शासन लगाती है तो उसे दिल्ली में नेस्तनाबूद कर देंगे। केजरीवाल ने दिल्ली के एक-एक परिवार का ध्यान रखा है। उन्होंने परिवार में एक अच्छे बेटे और भाई की जिम्मेदारी निभाते हुए आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा और आपके अच्छे इलाज की व्यवस्था की।



#### सड़क पर आकर लड़ाई लड़ने से आप को मिलती है सबसे ज्यादा शक्ति : भारद्वाज

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि संजय सिंह दिन-रात काम करते हैं। संजय सिंह जब से जेल से बाहर आएं हैं, वापस से काम में लग गए हैं। पहली रात आते ही पार्टी ऑफिस में लंबा-चौड़ा भाषण दिए। दूसरे दिन विभिन्न मीडिया चैनल पर बाइट्स दी। तीसरे दिन और चौथे दिन मीडिया को इंटरव्यू दिया और सामूहिक उपवास में शामिल हुए हैं। आज जो माहौल जंतर-मंतर पर बना है। उसे देखकर 2011-12 के माहौल की याद आ गई। मुझे लगता है कि इसी चीज से हमारी पार्टी को सबसे ज्यादा शक्ति मिलती है। जब हम सड़क पर आकर लड़ाई लड़ते हैं।

#### तानाशाह को जनता जवाब देगी : शैली

दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि जिस तरह रावण को अपनी शक्तियों का अहंकार था, उसी तरह केंद्र में बैठी बीजेपी को भी ये समझना होगा कि कुर्सी किसी के पास हमेशा के लिए नहीं रहती है। जनता इस तानाशाही का जवाब देगी। अब भाजपा को भी यकीन हो गया है कि उसे केवल अरविंद केजरीवाल ही टक्कर दे सकते हैं। सारे कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं। पहले दिल्ली में हमारी तीन बार सरकार बनी, फिर पंजाब में हमारी सरकार बनी और जब 15 साल बाद भाजपा के हाथ से नगर निगम छूटा तो भाजपा के अंदर बौखलाहट आ गई। भाजपाको लगा कि कैसे सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके इस पार्टी को खत्म किया जाए। जैसे-जैसे हमारी पार्टी बड़ी होती गई, बीजेपी को डर लगने लगा कि कैसे इस पार्टी को खत्म किया जाए। हम इस उपवास के आशीर्वाद के माध्यम से ये प्रार्थना कर रहे हैं कि सीएम अरविंद केजरीवाल जल्द ही जेल से बाहर आएंगे।

#### 'केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी'

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाया और दावा किया कि आप का एक दिवसीय अनशन भाजपा की रातों की नींद उड़ा देगा। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों में गुस्सा है और यह भाजपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। ये देश अब जाग चुका है, तानाशाह का अंत करीब है। आतिशी ने कहा कि आज यह दौर है कि ईडी-सीबीआई का नाम सुनते ही बाकी पार्टियों के नेता झुक जाते हैं, टूट जाते हैं, भाजपा में शामिल हो जाते है, लेकिन आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन इतनी मुश्किल के बाद भी न झुके, न टूटे और भाजपा में शामिल नहीं हुए। मैं इनके जज्बे को सलाम करती हूं।

#### भाजपा में हिम्मत है तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर देख ले : राय

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि भाजपा को अरविंद केजरीवाल की चिट्ठी से भी दर्द है। लेकिन सुकेश चंद्रशेखर की रोजाना चिट्ठी पार्सल करने में मजा आता है। ये लोग दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कहते घूम रहे हैं। भाजपा में हिम्मत है तो एक बार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर देख लो, दिल्ली से भाजपा का नाम मिट जाएगा। भाजपा वाले कहते हैं कि सौरभ भारद्वाज, आतिशी, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करा लेंगे। उस लिस्ट में मेरे साथ दिल्ली के सारे मंत्रियों, विधायकों, पार्षदों का नाम लिख लो, हम जेल जाने को तैयार हैं। तुम्हारी जेलें छोटी पड़ जाएगी, लेकिन अरविंद केजरीवाल के सिपाहियों का सीना गिरफ्तारी के लिए कम नहीं पड़ेगा। अरविंद केजरीवाल इस देश के लोगों के दिलों में रहता है। वह पूरे देश के लोगों के दिलों का राजा है। इसलिए जब अरविंद केजरीवाल जेल से कोर्ट में आए तो एक बात कही कि उनकी जिंदगी देश के लिए पहले भी समर्पित थी और आज भी समर्पित है। अगले दो महीनों में इस बात का फैसला होना है कि देश में तानाशाही की सरकार रहेगी या फिर लोकतंत्र और संविधान की सरकार रहेगी। बीजेपी वालों का लगता है कि अरविंद केजरीवाल जेल में है तो प्रचार कौन करेगा। उनको पता नहीं है कि दिल्ली का हर बच्चा केजरीवाल है।

#### लोकसभा चुनाव और त्योहारों के कारण अप्रैल से जून तक दिल्ली में सात दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

*नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अप्रैल-जून के दौरान लोकसभा चुनाव और धार्मिक त्योहारों के कारण ड्राई-डे की घोषणा की है। आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार दिल्ली में शराब की दुकानें ईद-उल-फितर के चलते 11 अप्रैल, रामनवमी के चलते 17 अप्रैल, महावीर जयंती पर 21 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमा पर 23 मई को बंद रहेंगी। इसी तरह ईद-उल-जुहा पर 17 जून को भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। विभाग ने आदेश में कहा है कि सभी लाइसेंसधारी अपने लाइसेंस प्राप्त परिसर के किसी विशिष्ट स्थान पर यह जानकारी प्रदर्शित भी करेंगे। हाल ही में जारी एक अधिसूचना में विभाग ने कहा है कि बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लोकसभा चुनाव के कारण 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से 26 अप्रैल की शाम 6 बजे तक (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले) उत्तर प्रदेश के इन जिलों में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। यह उन सभी लाइसेंसधारियों पर लागू होगा जिनकी दुकानें, परिसर उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिलों की सीमा के 100 मीटर के भीतर दिल्ली में स्थित हैं। इसी तरह एक अलग अधिसूचना में आबकारी विभाग ने कहा है कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए मतदान के चलते विभिन्न प्रकार की शराब की दुकानें और अन्य लाइसेंस प्राप्त परिसर 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। इसके अलावा शराब की दुकानें 4 जून को भी पूरे दिन को भी बंद रहेंगी, जब लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी।*

#### शिकायत के 48 घंटे बाद भी चुनाव आयोग ने भाजपा के आपत्तिजनक होर्डिंग्स पर नहीं लिया एक्शन : आतिशी

*नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की लगातार शिकायतों के बाद भी चुनाव आयोग ने दिल्ली भर में भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग पर कोई एक्शन नहीं लिया है। शिकायत किए 48 घंटे बीत जाने के बाद भी चुनाव आयोग द्वारा अब तक भाजपा को कोई समन नहीं भेजा गया है। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ट्वीट के जरिए कही है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली भर में भाजपा के आपत्तिजनक होर्डिंग्स के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में शिकायत दर्ज किए हुए 48 घंटे बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक चुनाव आयोग की ओर से बीजेपी को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि क्या चुनाव आयोग केवल विपक्षी दलों को ही नोटिस भेजेगा। बता दें कि, भाजपा ने दिल्ली भर में आपत्तिजनक होर्डिंग्स लगाए हैं। इसे लेकर शुक्रवार सुबह ही आम आदमी पार्टी ने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में इसकी शिकायत दर्ज की थी। लेकिन शिकायत करने के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी चुनाव आयोग ने न तो इस विषय में कोई एक्शन लिया और न ही भाजपा को कोई नोटिस भेजा। इसके विपरीत भाजपा द्वारा चुनाव आयोग में एक शिकायत करने के मात्र 12 घंटे के भीतर ही वरिष्ठ आप नेता आतिशी को नोटिस भेज दिया गया था। आतिशी ने कहा कि मुझे चुनाव आयोग का नोटिस मिलने से आधे घंटे पहले ही ये खबर मीडिया में चल चुकी थी। ये चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है।*

#### लोकसभा चुनावों को लेकर दिल्ली महिला कांग्रेस घर-घर पहुंचा रही है पार्टी का गारंटी कार्ड

*नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर मैदान में उतरी दिल्ली कांग्रेस मतदाताओं के घर घर दस्तक देने पर जोर दे रही है। प्रदेश महिला कांग्रेस संगठन अब मतदाताओं के घर दस्तक दे रही है। गत दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी का गारंटी कार्ड घर घर देने की शुरुआत की थी। खड़गे के आह्वान पर दिल्ली महिला कांग्रेस अब दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं के घर घर गारंटी कार्ड बांट रही है। इस बारे में महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष के आह्वान के बाद हमारा संगठन घर घर दस्तक दे रहा है। खासकर महिलाओं को केंद्र सरकार की नाकामियों को बताकर सच्चाई बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला संगठन प्रदेश से लेकर जिला, ब्लाक व बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता कांग्रेस के लोकसभा चुनावों को लेकर जारी किए गए गारंटी कार्ड को बांट रही है। उन्होंने दावा किया कि हर घर की महिला एक ही बात कह रही है कि अब की बार दिल्ली और केंद्र में कांग्रेस आएगी। लोग केंद्र सरकार की नीतियों से बहुत नाराज है, दिल्ली में कानून व्यवस्था बेहद खराब हो चुकी है।*

# दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- भाजपा ने प्रदर्शन स्थल पर 'शराब से शीशमहल तक' नाम से स्थापित किया सेल्फी प्वांइट

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर रविवार को मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस में विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के मरम्मत किए गए सरकारी बंगले की एक कथित प्रतिकृति भी रखी थी। उन्होंने इसे 'शीशमहल' करार देते हुए मरम्मत कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया। भाजपा ने प्रदर्शन स्थल पर 'शराब से शीशमहल तक' नाम से एक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित की जहां पर कथित आबकारी घोटाले में आरोपी 'आप' नेताओं की शराब की बोतल के आकार के कटआउट लगाए गए थे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय राजधानी से लोकसभा चुनाव के लिए घोषित किए पार्टी उम्मीदवार, विधायक और पार्षद इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए उनके इस्तीफे की मांग की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने प्रदर्शन को संबोधित करते कहा बेहतर होता केजरीवाल की पार्टी आज सामूहिक उपवास की जगह भ्रष्टाचार के लिए सामूहिक प्रायश्चित करती। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में आज एक ऐसी पार्टी की सरकार है जो आपसी युद्ध में ही उलझे हुए हैं।

शराब घोटाला हुआ है यह पूरी पार्टी जानती है लेकिन कोई इसे स्वीकार नहीं कर रहा है बल्कि अपनी गलतियों को दूसरे के ऊपर डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि सीएम आवास के सौंदर्यीकरण पर जो पैसा लगा है वह दिल्ली के टैक्स पेयर्स की गाढ़ी कमाई का पैसा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल कहते थे मैं कभी बंगला नहीं लूंगा और न ही सुरक्षा लूंगा। जबकि उनकी सुरक्षा में दिल्ली के साथ पंजाब की सुरक्षा भी लगी थी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने सरकारी बंगले के सौंदर्यीकरण के लिए सैकड़ों पेड़ काट दिए। सचदेवा ने कहा सत्ता में आते ही केजरीवाल की निगाह बड़े बंगले पर थी। वैसे आजकल इस बंगले पर कई आप नेताओं की निगाहे हैं जिसमें से एक संजय सिंह जेल से छूटते ही सीधे बंगले में पहुंच गए। सचदेवा ने कहा भाभी जी से मिलना तो बहाना था संजय सिंह का असली मकसद बंगला हथियाना है।



#### हम कहते हैं कि भ्रष्टाचारी हटाओ और वह कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ : अल्का गुर्जर

*डॉक्टर अलका गुर्जर ने कहा कि हम कहते हैं कि भ्रष्टाचारी हटाओ और वह कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। गुर्जर ने कहा शराब से शीशमहल तक का सफर किसी आम आदमी का नहीं बल्कि खास आदमी का होता है। आखिर ऐसा कौन व्यक्ति हैं जो 4 करोड़ की दीवार सजाये, 10-10 लाख का टीवी और 5 करोड़ के टॉयलेट सीट प्रयोग करता है। आम जनता के लिए काम करने की जगह अपने सुख सुविधा के लिए करोड़ों रुपए लूटे गए और उस कुकृत्य के लिए आम आदमी पार्टी को उपवास रखकर एक प्रायश्चित करने की जरूरत है ताकि दिल्ली की जनता की हाय लगी है उससे उबर सके।*

#### आप नेताओं ने दिल्ली को लूटने का किया काम : भाजपा

*संजय मयूख ने कहा कि आप नेताओं ने दिल्ली को लूटने का काम किया। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जो चिल्लाकर चिल्लाकर दिल्ली वालों को अपना कहते थे आज उन्होंने ही दिल्ली को लूटा है। मयूख ने कहा आज जिस प्रकार उपवास करने का नाटक केजरीवाल की टीम कर रही है उसको देखते हुए आज दिल्ली पूरी तरह से ठगी हुई महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आज हिसाब मांग रही है लेकिन आखिर यह करोड़ो रुपए के बने शीशमहल का और शराब घोटाले का हिसाब कौन देगा और जब हिसाब देने की बारी आई तो सब एक दूसरे का नाम लेते रहे।*

#### भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए आप कर रही है उपवास : शाजिया

*शाजिया इल्मी ने कहा कि आज जो आम आदमी पार्टी उपवास कर रही है वह सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए हैं। आज मुझे शर्म आती है कि ऐसे लोगों के साथ हम उस वक्त खड़े थे जब इनकी नींव रखी जा रही थी, हमने साथ तो छोड़ दिया पर आज स्तब्ध हूं कि केजरीवाल पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। आम आदमी के नाम पर इस केजरीवाल ने 52 करोड़ रुपए लगा दिया अपने आवास सौंदर्यीकरण में लेकिन दिल्ली की जनता के लिए कुछ नहीं किया। हम जब भी कोविड महामारी के बारे में सोचते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं ऐसे में केजरीवाल को कैसे उस समय शीशमहल में नींद आई होगी। उन्होंने कहा कि यह पार्टी स्वराज से शुरू होकर शराब पर खत्म हुई है और साथ ही दिल्ली की जनता को बताना चाहूंगी कि हम पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से और इन चोर का सबसे बड़ा सरदार अरविंद केजरीवाल ही नहीं पूरी पार्टी शीघ्र जेल में होगी।*

#### देश के सबसे झूठे सीएम हैं केजरीवाल : कपिल

*कपिल मिश्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली ही नहीं बल्कि देश भर के सबसे झूठे मुख्यमंत्री हैं जो उनके द्वारा राजनीति में आने से पहले बयान दिए गए थे उससे ठीक विपरीत वह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कसम खाने के बावजूद अगर कोई वह सारा काम करें तो वह कितना विश्वास योग्य है इसको समझा जा सकता है। केजरीवाल के पापों का पश्चाताप एक दिन के उपवास रखने से नहीं होगा क्योंकि पूरी पार्टी ने इतने पाप किए हैं कि पूरी जिंदगी अगर उपवास रखे तो भी नहीं पाप खत्म नहीं होगा।*

## खबर संक्षेप

### कानों के पर्दे का मुफ्त इलाज का संकल्प

**गाजियाबाद,**। वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर हर्ष ईएनटी अस्पताल में 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार'



कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आज से 17 अप्रैल तक इस अस्पताल में कान के पर्दे मुफ्त बनाए जाएंगे। डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि मरीज़ नेपाल, , बंगलादेश व भारत के सभी राज्यो से आ रहे हैं। कुछ मरीज़ों के कान की हड्डी गलने की बीमारी भी मिली है । ऐसे मरिजों को छह महीने बाद फिर बुलाया है।

### तनाव मुक्त कानून अभ्यास विषय पर वार्ता

**फरीदाबाद**। जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं और न्यायिक



अधिकारियों के साथ तनाव मुक्त कानून अभ्यास विषय पर मॉर्निंग टॉक का आयोजन किया गया। मौके पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिवक्तागण मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिवक्ताओं की तनाव मुक्त जीवन शैली के बारे में थी। अधिवक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए यह शुरू किया गया है।

### शिविर में 61 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**फरीदाबाद**। मानव सेवा समिति व सहयोगी संस्था प्रक्रूथी ट्रस्ट, रोटरी क्लब ग्रेस व के संयुक्त तत्वातान



में रक्तदान आयोजित किया गया। जिसमें रक्तदान, महादान, अनमोल दान की भावना से 61 रक्तवीर दाताओं ने रक्तदान करके पुण्य कमाया। 25 रक्तदान प्रेमी खासकर महिलाएं हीमोग्लोबिन कम होने के कारण रक्तदान नहीं कर सकीं।

### नाबालिग को पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद**। थाना तिगांव प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश की टीम ने लापता नाबालिग लड़की को तलाश कर



परिजनों के हवाले किया है। नाबालिग घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसकी सूचना तिगांव पुलिस को प्राप्त हुई। तलाशी के लिए एक पुलिस टीम नियुक्त की। गांव नीमका एरिया से से पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला। पूछताछ में सामने आया कि वह परिजनों की डांट के चलते बिना बताए निकल गई थी।

### देशी पिस्तौल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने एक आरोपी को देशी



पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी आरिफ को अपराध शाखा ने गस्त के दौरान काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम ने वाहन चोरी करने वाले



आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने ऑटो बरामद किया है। आरोपी ने ऑटो को पदम नगर नहर पार से चोरी किया था। आरोपी पर पूर्व में 19 मुकदमें में से 17 मुकदमें दिल्ली में तथा 2 चोरी के मुकदमें फरीदाबाद के पल्ला व खेडी पुल में दर्ज है। आरोपी शातिर बदमाश है।

## भारतीय संस्कृति ही विश्व कल्याण का आधार

# दिल खोलकर सहयोग करें, धार्मिक-सामाजिक सेवा कार्यों से मानवता के विकास की सोच बनाएगी भारत को विश्व गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर 62 में श्री माधव गीता मंदिर आधारशिला पूजन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि भारतीय संस्कृति ही विश्व का कल्याण का आधार है। वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा हमारी बड़ी सोच का मुख्य कारण है। इसी धरोहर को लेकर भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प हम सबने लिया है।

उन्होंने कहा कि हिंदुत्व जीवन जीने की कला है। मानवता के लिए जीवन अर्पण करने की परंपरा रही है। आज विश्व में हिंदुत्व के प्रति श्रद्धा भाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गुलामी कालखंड में विदेशियों ने समाज को तोडने की कोशिश की लेकिन हमारी श्रेष्ठ परंपराओं के वाहक धार्मिक सामाजिक संस्कार केंद्रों ने समाज को जोड़े रखा। पुनः हम विश्व गुरु बनेंगे। इस मंदिर के लिए दिल खोलकर सहयोग करें। मंदिर आधार शिला पूजन कार्यक्रम में पूज्य महामंडलेश्वर भैया जी का सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

> भारतीय संस्कृति ही विश्व का कल्याण का आधार है। वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा हमारी बड़ी सोच का मुख्य कारण है। इसी धरोहर को लेकर भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प हम सबने लिया है।



### मंदिर निर्माण आधारशिला समारोह का आयोजन

श्री माधव राष्ट्र सेवा समिति ने श्री माधव गीता मंदिर के शिला पूजन समारोह का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मंदिर के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का उत्सव मनाया गया। यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में निर्वतमान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, अजय गौड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक प्रताप, विभाग संघचालक डॉ अरविंद सूद, उमेश, संजय, राजेंद्र, राजेंद्र जैन, श्रीराम अग्रवाल, डॉ देव प्रसाद भारद्वाज, डॉ चंद्रशेखर भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति सहित समाज के अन्य प्रतिष्ठित नागरिक शामिल हुए।

## आबकारी व पुलिस विभाग समन्वय बनाकर करें सूचना का आदान-प्रदान

# लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब तस्करों पर त्वरित सख्त कार्रवाई की जाए

**कराधान विभाग कमिश्नर अशोक मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर अधिकारी पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित कर आवश्यक कार्रवाई करें।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग कमिश्नर अशोक मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करें। अशोक मीणा ने दोपहर बाद लघु सचिवालय में मौजूद अधिकारियों को अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करने बारे दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विशेषतः राजस्व, पुलिस व आबकारी विभाग आपसी तालमेल करके भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करें। साथ ही गावों में ह्यूमन इंटेलिजेंस तैयार कर अवैध शराब बिक्री की गुप्त सूचनाएं प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

**ह्यूमन इंटेलिजेंस तैयार कर अवैध शराब बिक्री की सूचनाएं प्राप्त करें**

**अवैध शराब पाई गई तो पुलिस तत्काल करेगी सख्त से सख्त कार्रवाई**



### नकली शराब को रोकने के लिए 3 टीमें बनाई गई

*लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में शराब की अवैध आवाजाही व नकली शराब को रोकने के लिए 3 टीमें बनाई गई है, जो 8 घंटे की शिफ्ट के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सभी सेक्टर ऑफिसर्स से रेगुलर डेलीबेसिज बैठकें करके पूरी जानकारी से अपडेट रहे। आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के संबंध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बन्धित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं।*

### जिले के संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नहर

लोकसभा निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में छठे चरण में होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।बैठक में एडीसी आनन्द शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अन्तिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अंकित कुमार, आरटीए कम एसीपी मुनीश सहगल सहित आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईटीबीपी जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

# शांतिपूर्ण लोस चुनाव के लिए नागरिकों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था काम रखना के लिए जागरूक किया।

फ्लैग मार्च में एसीपी मुजेसर महेश श्योराण, एसीपी एनआईटी वीरेंद्र सिंह, थाना सेक्टर 58, धौज, कोतवाली, सारन, डबुआ, एसजीएम नगर, सूरजकुण्ड, एनआईटी के पुलिसकर्मी भारी संख्या में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा आइटीबीपी की कंपनी के साथ मिलकर विभिन्न एरिया में जाकर वहां पर रहने वाले लोगों को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। इसी क्रम में पुलिस तथा आइटीबीपी द्वारा सेक्टर 58 से फ्लैग मार्च शुरू कर सीकरी, नंगला, भनकपुर, लतिफपुर, कबूलपुर,सिकरोना, फिरोजपुर, जखोपुर, सिरोही, धौज, कुरैशी पुर, पाखल, पावटा, मौहबताबाद, पाली, संजय कालोनी, हार्डवेयर चौक, प्याली चौक, डबुआ से त्यागी मार्केट, 3 नंबर पुलिया, लखानी धर्मशाला, एनआईटी 1-2 चौक, बाटा-नीलम चौक, पांच नंबर मार्केट, भगत सिंह चौक, पटेल चौक, चिमनी बाई धर्मशाला, तीन नंबर मस्जिद सैनिक कॉलोनी, बडखल गांव, अनखीर चौक, सेक्टर 46, मेवला महाराजपुर, एनएचपीसी चौक, ग्रीन फील्ड, दयालबाग से होते हुए सूरजकुंड इत्यादि एरिया में होते हुए एनआईटी जोन के गांव में यह फ्लैग मार्च निकाला ।

फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को जागरूक किया गया कि चुनाव के दौरान कुछ असामाजिक तत्व समाज का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहें और पुलिस को सूचना देकर सहयोग करने की अपील की ।

## मकान के बेसमेंट में लाखों की ई-सिगरेट

# सीएम फ्लाइंग रेड कर प्रतिबंधित सिगरेट पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग और दवा नियंत्रक विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधिक विदेशी और ई-सिगरेट बरामद की। आरोपी सुंशातलोक स्थित एक मकान के बेसमेंट में अवैध तरीके से प्रतिबंधित सिगरेटों को रखकर कारोबार कर रहा था। आरोपी के खिलाफ शिकायत पर सुशांतलोक थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया ।

दरअसल, सीएम फ्लाइंग व दवा नियंत्रक विभाग को सूचना मिली थी कि सुशांतलोक के एक मकान के बेसमेंट में अवैध तरीके से प्रतिबंधित सिगरेट बेचने का कारोबार चलाया जा रहा है। जिला उपायुक्त द्वारा कार्रवाई के लिए टीम गठित की । एसडीएम बादशाहपुर विश्वजीत चौधरी की देखरेख में संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की गई।

रेड के दौरान सुशांतलोक के मकान के बेसमेंट में राजेश कुमार मिला। उसके पास से विदेशी सिगरेट के 1500 पैकेट व 700 ई-सिगरेट बरामद की हैं। जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गुरुग्राम के व्यापार केंद्र में जैन पान भंडार के नाम से दुकान चलाता है। जहां पर पहले भी काफी मात्रा में प्रतिबंधित सिगरेट बरामद हुई थी और मुकदमा दर्ज भी किया गया था।

## भारी मात्रा में असलाह बरामद

# मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

पुलिस ने मुठभेड मे दो शातिर अपराधियो को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अवैध 1 पिस्टल,32 बोर मय जिन्दा व खोखा कारतूस, 32 बोर व 1 तमंचा, 315 बोर नाजायज मय जिन्दा कारतूस, 315 बोर बरामद हुए है।

एडीसीपी सच्चिदाननद ने बताया कि अपराधियों में हर्षित व रोहित चौधरी दोनों हत्या, लूट जैसे संगीन मामले में शामिल रहे हैं। पूछताछ में हर्षित चिकारा ने बताया कि वह नोएडा में मोटर साइकिल के पार्टस बनाने वाली एक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर काम करता




था। वर्ष 2019 में उसके खिलाफ थाना मोदीनगर में बलात्कार का मुकदमा लिखा था। वह करीब ढाई वर्ष जेल में रहा था। जेल में उसकी मुलाकात कुख्यात अपराधी अंकुश उर्फ अंकुर से हुई थी। अंकुश जब कोर्ट में पेशी पर आता था तो रोहित चौधरी कचहरी में अंकुश से मुलाकात करने जाते थे । अंकुर पर कई मुकदमें दर्ज है।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में लामबंद हुआ उद्योग जगत

# भाजपा राज में उद्योगों को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भाजपा के दस साल के शासनकाल में फरीदाबाद के उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है। बेहतर कनेक्टिविटी, अच्छा इन्फ्रास्ट्रेक्चर के चलते उद्योगपतियों का व्यापार जहां बढ़ा है, वहीं उनका भाजपा के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी देश में हैट्रिक लगाएगें। मगर यह तब ही संभव है जब व्यापारी और मजदूर मिलकर एकमत से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करेगें। कार्यक्रम में उद्योगपतियों ने एक मत से फरीदाबाद में बेहतर औद्योगिकीकरण के लिए भाजपा सरकार का आभार माना। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में कृष्णपाल गुर्जर की भी हैट्रिक लगाने का आर्शीवाद, समर्थन व सहयोग देने का आश्वासन दिया। समारोह में उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा लोकसभा संयोजक अजय गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निर्वतमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी का शॉल और पुष्प गुच्छ भेंट कर फरीदाबाद के उद्योग जगत की ओर से स्वागत किया गया।




### बड़ी मदर यूनिट स्थापित कराने का दिया आश्वासन

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आयोजक मनमोहन गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समूचे फरीदाबाद के उद्योग जगत को एक मंच पर लाकर मुझमें विश्वास व्यक्त किया है। जीतने के बाद बड़ी मदर यूनिट स्थापित करवाने का प्रयास करूंगा।

## दूसरा बदमाश मौके से भागने में सफल रहा

# मेडिकल स्टोर से नगद लूटने वाला बदमाश पुलिस की गोली से घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने मेडिकल स्टोर से कैश लूटने वाले लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से लुटेरा घायल हो गया है।

उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान लुटेरे का एक साथी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। उसके कब्जे से लूटे गए 09हजार 700 रुपए, एक अदद तमंचा नाजायज तथा चोरी की मोटर साइकिल बरामद।किए गए हैं। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर पुलिस



को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 5अप्रैल को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर में अमित मेडिकल स्टोर से कैश लूटने वाले अभियुक्त नई घटना करने की फिराक में है । सूचना पर थाना लोनी बॉर्डर पुलिस, द्वारा लाल बाग क्षेत्र मे सघन चैकिंग कर रही थी कि तभी एक बाइक पर आ रहे दो संदिग्धों को टोर्च की रोशनी दिखा कर रोकने का प्रयास किया। दोनों संदिग्ध पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ा कर वापस मुड़कर भागने लगे। इस हड़बड़ी में बाइक फिसल कर गिर गई और बदमाश पुलिस टीम को निशाना कर जानलेवा फायर करने लगे ।

पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ फायर किया ,जिसमें 1 बदमाश घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश मौके से भागने में सफल रहा । घायल पूछताछ में बताया कि पूर्व में भी उसने अपने साथी के साथ असलहा के बल पर कई लूट की है। जिसमे रोम्स पिज्जा आउटलेट में पूर्व में की गई कैश लूट भी शामिल है।

## भाजपा के स्थपना दिवस में युवा मोर्चा की बाइक रैली

# 6 विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फरीदाबाद में बाईक रैली का आयोजन किया। बडख़ल विधानसभा क्षेत्र, फरीदाबाद शहरी, बल्लभगढ़, एनआईटी, तिगांव और पृथला में आयोजित बाइक रैली में हजारों युवाओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। बडख़ल क्षेत्र में सीनियर एडवोकेट अश्वनी त्रिखा, फरीदाबाद शहरी में लोकसभा संयोजक अजय गौड़ एवं बल्लभगढ़ में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर



बाइक रैली को रवाना किया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा के निर्देश पर फरीदाबाद जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में युवाओं ने रैली निकालकर भाजपा के स्थापना दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा ने कहा कि भाजपा जब से सत्ता में आई है, तभी से युवाओं को अधिक अवसर मिले हैं।

### रैली में 250 बाइकों को शामिल किया गया

पृथला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सरपंच सचिन मडोतिया के संयोजन व अजयदेव आचार्य के सहसंयोजन में रैली का आयोजन किया। वहीं तिगांव क्षेत्र में संयोजक करण गोयल व सह संयोजक गौतम खन्ना, एनआईटी में संयोजक आदेश यादव एवं सहसंयोजक दीपक यादव के नेतृत्व में युवाओं ने इस रैली में बढ़-चढक़र उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। सभी विधानसभा क्षेत्र में 200 से 250 बाइकों पर शानदार तरीके से रैली का आयोजन किया गया।

# डबल इंजन की सरकार बहा रही विकास की गंगा : सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/टोहाना

- सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में मांगे वोट
- टोहाना रैली में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के टिप्स
- देश को गरीबी से उबारने व मुख्य धारा में लाने को पीएम ने

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने देश और प्रदेश में जो विकास की गंगा बहाई है, उसका हर भारतीय पूरा लाभ ले रहा है। देश को गरीबी से उबारने और मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री ने अभूतपूर्व काम किया है। मुख्यमंत्री रविवार को टोहाना की अनाज मंडी में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अशोक तंवर के रूप में एक नायाब उम्मीदवार आपके बीच में भेजा है। उन्होंने सांसद रहते सिरसा लोकसभा में जो काम किए, वे ऐतिहासिक हैं। आगे भी जीतकर जाएंगे तो और दिल खोलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार के दौरान अभूतपूर्व विकास कार्य हुए। जनता को सीधे लाभ देने के लिए उनके नेतृत्व में सरकार ने प्रयास किए। आगे भी हरियाणा प्रदेश में विकास का फायदा आप सभी को मिलता रहे।




टोहाना। विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी व उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

## ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अपनाने की जरूरत

कुरुक्षेत्र। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर डबल इंजन की सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओ को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री रविवार को सैनी समाज सभा की तरफ से कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती एवं नागरिक अभिनंदन को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे।

## विरोध करने पहुंचे किसानों को हिरासत में लिया

भूना। सीएम नायब सिंह सैनी रविवार की दोपहर बाद टोहाना में एक जनसभा करने पहुंचे लेकिन मुख्यमंत्री के पहुंचने से पहले ही विरोध करने आए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन से जुड़े लोगों ने सीएम से 18 सवालों के जवाब लेने और विरोध प्रदर्शन करके काले झंडे दिखाने के लिए पहुंचे। किसानों ने टोहाना में अनाज मंडी के पास रेलवे रोड पर डाकघर के समीप एकत्र होकर नारेबाजी की, वहीं भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने सभी किसानों को अपनी हिरासत में ले लिया। इस दौरान लगभग 150 किसानों को पुलिस बसों के माध्यम से अपनी हिरासत में लेकर उन्हें साथ लगते क्षेत्रों के थानों में बंद कर दिया। किसानों का कहना है कि भाजपा के प्रत्याशी और सीएम जहां जाएंगे, वे उनसे 18 सवाल जरूर पूछेंगे।

### दसों लोकसभा सीटों पर विजयश्री दिलाकर भेंजे

सीएम ने कहा कि पूरे हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर विजयश्री दिलाकर भेंजे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के रास्तों पर कदम बढ़ाए हैं। आगे भी बहुत काम होना है जिसमें हमारे भाई-बहनों ने अपना पूरा सहयोग देना है।

## खबर संक्षेप

### नासिक से चंदौली लौट रहे 4 की मौत, 2 गंभीर

चंदौली। बलुआ क्षेत्र के जुड़ाहरधन गांव निवासी रामकेश यादव (50) अपने परिवार के साथ नासिक में देवी दर्शन करने गए थे। कार से देवी दर्शन को जाते समय पति-पत्नी और पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, उनकी एक पुत्री और एक युवक भी गंभीर रूप से घायल हैं। भांजा बोलेरो लेकर नासिक गया था। रास्ते मे गाड़ी अनियंत्रित होकर एक बाइक वाले को टक्कर मारते हुए विपरीत दिशा से ट्रक में जा भिड़ी।



### बदायूं से लापता युवक की बरेली में हत्या

बदायूं। दो अप्रैल से लापता युवक शिवांशु गौतम (21) का हत्या कर दी गई। उसकी हत्या बरेली के सुभाष नगर इलाके में हुई है। हालांकि अभी शव बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि शिवांश का कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उस लड़की का शिवांशु से पहले उसके दोस्त सनी से प्रेम प्रसंग चला था। शिवांशु और सनी दोनों गहरे दोस्त थे। वह एक-दूसरे के घर भी आते-जाते थे। शिवांशु गौतम सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नवादा का रहने वाला था।



## बिहार के सीएम नीतीश ने मुसलमानों को चेताया, लालू-राबड़ी को निशाने पर लिया, बोले

# पति-पत्नी राज करते थे, काम नहीं, एनडीए ने 8 हजार कब्रिस्तानों की घेराबंदी की

एजेंसी ▶▶| नवादा

> जब बिहार में लालू यादव और राबड़ी देवी की सरकार थी तो हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बहुत झगड़ा होता है। जब हमारी सरकार आई तो इस पर रोक लगाई गई। दोनों के बीच कोई झगड़ा नहीं होता है।

- 60 वर्ष से पुराने मंदिरों की बनाई जा रही चारदीवारी
- हर घर नल-जल व हर घर शौचालय पहुंचने का काम किया

नवादा में नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा में बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी शामिल हुए। लोगों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को चार सौ से अधिक सीटों पर जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी को फिर एक बाद देश का प्रधानमंत्री बनाना है। सीएम ने खुले मंच से मुसलमानों को एक गलती नहीं करने की सलाह दी। नीतीश कुमार ने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य की विकास योजनाओं में इनका बहुत सहयोग मिलता है।

बिहार सीएम ने कहा कि जब बिहार में लालू यादव और राबड़ी देवी की सरकार थी तो हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बहुत झगड़ा होता है। जब हमारी सरकार आई तो इस पर रोक लगाई गई। आज दोनों समाजों के बीच कोई झगड़ा नहीं होता है। इसलिए मुसलमान भाइयों से अपील है कि फिर से उन्हें वोट देकर जीताने की गलती मत कीजिएगा। जब वे पावर में आए तो फिर शुरू करवा देंगे। उन्होंने कहा कि 2010 में भाजपा और जेडीयू के एनडीए को 50 प्रतिशत मुसलमानों का वोट मिला था। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी सरकार ने हिंदुओं के साथ मुसलमान के उत्थान के लिए बहुत काम किया। 2006 के बाद से अब तक 8000 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कर दी गई है और आगे भी काम चल ही रहा है। दूसरी ओर 60 वर्ष से पुराने मंदिरों की चारदीवारी बनाई जा रही है ताकि चोरी की घटना नहीं हो। हम लोगों ने आप लोगों के लिए हर तरह का काम किया है इसको भूलिएगा मत।



### उनकी सरकार में कहीं बिजली नहीं थी

नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी सरकार ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया। हमने हर घर बिजली पहुंचाई। पहले उनकी सरकार थी तो कहीं बिजली नहीं थी। हमने हर घर नल-जल और हर घर शौचालय पहुंचने का भी काम किया। लोग बाहर शौचालय जाते थे और बाहर का पानी पीकर बीमार हो जाते थे। आज हर घर में शौचालय है और बिजली भी है। पक्की गली नाली का निर्माण भी कराया गया है और मोहल्ले को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा रहा है।

### तेजस्वी को भी निशाने पर लिया, बोले- सारा काम हम किए, वह घूमकर भ्रम फैला रहा

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के पहले बिजली और शौचालय की क्या स्थिति थी? इसके बाद हमलोग आए तो सब ठीक करवाए। लोगों को नौकरी नहीं मिलती थी। हमलोग आए तो कितना नौकरी दिए। 20 लाख रोजगार का वादा निभाने का काम कर रहे हैं। अभी तक पांच लाख लोगों को रोजगार मिल गया है। 10 लाख सरकारी नौकरी का भी वादा हमलोग निभाने जा रहे। केंद्र सरकार भी काफी मदद कर रही है। पीएम मोदी का दसवां साल चल रहा है। आगे भी पांच साल तो जरूर रहेंगे। इसके कोई दिक्कत नहीं है। तेजस्वी पर निशाना साधते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ दिन के लिए लोग मेरे साथ आए। एक बार हम गलती से उसको कुछ दिन के लिए लाए। अब वह सब जगह घूम-घूमकर कहा रहा है कि सारा काम हम किए। हम आपको भरोसा दिलाते है कि हम अब कहीं नहीं जाएंगे।

## माफिया के घर जाने पर अखिलेश पर बोला हमला

# मुख्तार सपा की बीमारी भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ

- आजमगढ़ के सिधारी में भाजपा की सोशल मीडिया विंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम



एजेंसी ▶▶| आजमगढ़, गाजीपुर

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के माफिया मुख्तार अंसारी के घर जाने पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्तार सपा की बीमारी है। भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ है। आजमगढ़ के सिधारी में भाजपा की सोशल मीडिया विंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के नेता जहां जाएंगे वहां भाजपा चुनाव जीतेगी। यूपी में पार्टी को सभी 80 सीटें मिलेंगी।

### जहां सपा के नेता जाएंगे वहां भाजपा जीतेगी

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्तार अंसारी के घर जाने के संबंध में सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं कौन होता हूं, उन्हें बताने वाला कि वे कहां जाएं और कहां न जाएं। जहां सपा के नेता जाएंगे, वहां भाजपा जीतेगी। वहीं मऊ के भुजौटी स्थित भाजपा के कैम्प कार्यालय पर सोशल मीडिया वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि साइकिल पंचर है। इस बार लोस चुनाव में विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा।

## अखिलेश ने कहा -योगी सरकार पर मुझे भरोसा नहीं

# एससी के जज करें मुख्तार की मौत की जांच

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दिवंगत मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात के बाद भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि सरकार कस्टोडियल डेथ में अन्य राज्यों से आगे जाना चाहती है। सरकार का काम है नागरिकों को सुरक्षा देना लेकिन अब सरकार पर भरोसा नहीं है। उन्होंने मुख्तार अंसारी की मौत मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराए जाने की मांग की। अखिलेश ने कहा कि जो घटना जेल के अंदर हुई, उन सवालों का जवाब सरकार के पास नहीं है।



## पेज 1 का शेष

### सूर्य ग्रहण से पहले ...

दिन में ही अंधेरा हो जाता है और तापमान में गिरावट होती है। इस सूर्य ग्रहण का वैज्ञानिकों को इंतजार है। पूर्ण सूर्य ग्रह के दौरान सूर्य का कोराना नजर आ सकता है। इस दौरान सूर्य अपने 11 वर्षों के चक्र के चरम पर हैं। इसकी वजह से उसमें अधिक गतिविधि नजर आ रही है, लेकिन सूर्य ग्रहण से ठीक पहले वैज्ञानिकों ने अचानक से सूरज में शांति देखी है। इसके कारण वह हैरान हैं। सूर्य ग्रहण के दौरान एक समय ऐसा आता है, जब चंद्रमा पूरी तरह से सूर्य को ढक लेता है, जिसे समग्रता कहा जाता है। इस दौरान सूर्य का प्रकाश धरती पर नहीं पड़ता है। चंद्रमा के ठीक पीछे सूर्य का वायुमंडल यानी उसका कोरोना नजर आता है। लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि अचानक अप्रत्याशित तरीके से सूर्य में शांति नजर आई है। कुछ दिनों पहले ही सौर गतिविधि अधिक नजर आ रही थी। इसकी वजह से उम्मीद थी समग्रता के दौरान सूर्य से निकलने वाले तूफान और भी विशाल होंगे, जिन्हें देखा जा सकता है। हालांकि भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। लेकिन अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की ऑफिसियल वेबसाइट पर सूर्य ग्रहण की लाइव स्ट्रीम देख सकते हैं। इसके साथ ही नासा के यूट्यूब चैनल पर भी सोमवार रात 10.30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगी।

### नासा के जेट करेंगे ...

*प्रभावित करता है।*

***ये भी जानकारी पाएगा नासाः*** *नासा के यह जेट जब उड़ान भरेंगे तो छिपे हुए उल्कापिंडों का भी पता लगाया जा सकता है, जो कि आमतौर पर सूर्य की चमक के कारण नहीं दिखते हैं। आयनमंडल माप के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर भरत कुंदुरी ने एक बयान में कहा, 'ग्रहण मूल रूप से एक नियंत्रित प्रयोग के रूप में कार्य करता है। इससे हम यह समझने में मदद मिलेगी कि सौर विकिरण में परिवर्तन कैसे आयनमंडल पर प्रभाव डालता है। इससे रडार और जीपीएस जैसी कुछ तकनीक प्रभावित हो सकती है।*

### हम भ्रष्टाचार..

थी। जो कहता हूं करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे हैं। वे बोले, इंडी गठबंधन के बड़े नेता रैली नहीं कर रहे हैं। पता चला यहां के एक नेता हठ कर के बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब तक मुझे पीएम कैंडिडेट घोषित नहीं किया जाएगा, रैली नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में वो भी समय था, जब बहू-बेटियों को निकलने से डर लगता था। नीतीश जी और सुशील मोदी के प्रयास से बिहार जंगलराज से मुक्त हुआ है। बता दें कि नवादा से पहले 4 अप्रैल को पीएम ने जमुई से चुनावी कैंपेन का आगाज किया था। यहां उन्होंने लोजपा (रा) के प्रत्याशी और चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती के पक्ष में सभा की थी।

### खिड़की-दरवाजे तोड़कर

तीर्थ यात्री बस में सवार होकर नेपाल की ओर जा रहे थे। रविवार अलसुबह 5.15 बस जैसे ही देवास के मक्सी रोड के पास पहुंची उसमें आग लग गई। बस में बैठे मौजूद करीब 100 से ज्यादा लोग सो रहे थे। आग लगते ही बस में भगदड़ मच गई और सवारी बस का गेट तोड़कर बाहर निकले। इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को मिली तो तुरंत ही दोनों टीमें मौके पर पहुंचीं। फिर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में यात्रियों के लाखों रुपये का सामान भी जलकर खाक हो गया। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बे लोग नेपाल में गुड़ी पड़वा और रामनवमी बनाने के लिए जा रहे थे।

### गैस सिलेंडर ...

अपने मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगे। तभी अचानक सिलेंडर फट गया। लिंडर में धमाके के साथ उसका एक टुकड़ा निखिल के सिर में जा घुसा। इससे निखिल की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि सिलेंडर में आग लगी थी। उससे महज 50 मीटर की दूरी पर खड़ा होकर दोनों युवक रील्स बना रहे थे और कुछ और लोग इस तमाशे को देख रहे थे। जैसे विस्फोट हुआ इसमें निखिल, अमन छोटेलाल और तुलाई घायल हो गए। पुलिस व अन्य लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां निखिल की मौत हो गई।

### चारधाम यात्रा...

जाने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें। चारधाम के लिए पर्यटन विभाग ने पंजीकरण के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। इस बार पंजीकरण के बाद पर्ची पर यात्रियों को आवश्यक मोबाइल नंबर भी मिलेंगे। चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में मैनुअल पंजीकरण के लिए संबंधित एजेंसी ने सेटअप लगाने में जुट गई है। पंजीकरण प्रारंभ करने के लिए उसे पर्यटन महकमे के आदेश का इंतजार है। इससे पहले ही आवश्यक कार्यों को एजेंसी के कर्मचारी पूरा करने में लगे हैं। चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थनगरी ऋषिकेश में तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रियों के लिए संयुक्त यात्रा बस ट्रांजिट कंपाउंड के भवनों का रंगरोगन किया जा रहा है। पंजीकरण केंद्र में भी यात्रियों के लिए आवश्यक इंतजाम जुटाए जा रहे हैं। चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन पर तीर्थयात्रियों का सुविधाओं का जिम्मा है। यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में भी डोरमैट्री को वातानुकूलित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### भीड़ केवल कानूनी...

गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए भूपतिनगर पुलिस स्टेशन पहुंचने से रोकना था।

### अब आर्टिफिशियल एजेंसी...

कि अगले कुछ वर्षों में उभरती हुई प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की पूरक होंगी, जिनका वर्तमान में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए उपयोग किया जाता है।

### 39 डॉप्लर मौसम ...

और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने वर्ष 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया है और मौसम के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जा सकता है। महापात्रा ने आगे कहा, 'हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है।

## मंत्री जेपीएस राठौर ने कसा तंज, बोले-

# कांग्रेस... यूपी छोड़ रही सपा प्रत्याशी बदल रही

एजेंसी ▶▶| हरदोई

मिश्रिख लोोकसभा क्षेत्र के सोोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन में गौसगंज पहुंचे जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना घर नहीं संभाल पा रही है और उत्तर प्रदेश छोड़कर जा रही है। सपा पर तंज कसते हुए कहा कि लगातार प्रत्याशी बदल रहे हैं। उन्होंने नसीहत भी दी कि ईवीएम को दोष न दें क्योंकि इसी की बदौलत कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भी कुछ प्रदेशों में हैं। सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताशा और निराशा में डूब चुकी है। कांग्रेस के बीसों साल पुराने कार्यकर्ता पार्टी को या तो छोड़ रहे हैं या दूर होते जा रहे हैं। अखिलेश यादव के मुख्तार अंसारी के घर जाकर श्रद्धांजलि देने के सवाल पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव वह सब काम करेंगे जिससे मतदाताओं को रिझा सकें। हालांकि वह रिझा नहीं पाएंगे। वह एक परिवार के वोट ले सकते हैं, लेकिन मोदी का परिवार अब बहुत बड़ा हो चुका है।



## चुनाव प्रचार में उतरे आकाश आनंद

# सर्वसमाज को साधा और मंच से चंद्रशेखर पर जमकर बरसे

एजेंसी ▶▶| बिजनौर

- दलित व मुस्लिमों को मिलाकर वोट मांगती है बहुजन समाज पार्टी



नगीना में बसपा के लोस प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह की ओर से चुनावी जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने मुस्लिमों को रिझाते हुए सर्वसमाज को साधा। इस चुनाव में प्रदेश में पहली बार जनसभा को संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि मुस्लिम भाइयों, बहनों और माताओं को मेरा सलाम बाकी सभी को नमस्कार।

आकाश आनंद ने कहा कि भाजपा और सपा मुस्लिमों को डराकर वोट लेती है, जबकि बसपा सर्वसमाज हितों के साथ दलित व मुस्लिमों को मिलाकर वोट मांगती है। बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नाम लिए बिना आसपा के लोस प्रत्याशी पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि पार्टी को गठबंधन में स्थान नहीं मिला तो सपा से एक मात्र सीट मांग ली, उस पर भी बात नहीं बनी तो पार्टी प्रत्याशी के रूप में स्वयं कूद पड़े।

### खुद को मसीहा बताता है चंद्रशेखर

आकाश आनंद ने आसपा प्रमुख चंद्रशेखर पर बिना नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि ये खुद को मसीहा बताता है, आंदोलन करता है, युवाओं पर मुकदमे कराता है और फिर निकल लेता है। जिन युवाओं पर मुकदमे होंगे, उन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उनका भविष्य खराब हो जाएगा।

### बसपा सुप्रीमो का पढ़ा संदेश

आकाश ने अंत में बसपा सुप्रीमो मायावती का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो ने मतदाताओं से अपील की है कि संविधान कीमती है, इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहें। खरीद-फरोख्त, धर्म-जाति में बांटने वाली स्वार्थी राजनीति के प्रति जागरूक रहें। अपनी ताकत और वोट की कीमत समझें और बाबा साहब के सपनों को साकार बनाएं।

## अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे ज्यादा 95 किमी दूरी बदायूं जिले में

# बदायूं जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनेंगे 3 इंटरचेंज, ग्रामीणों को होगा लाभ

एजेंसी ▶▶| बदायूं

- बदायूं के सदर तहसील समेत बिसौली और दातागंज में गंगा एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज बनने के बाद कई गांव सीधे इससे जुड़ जाएंगे।

मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाला 594 किलोमीटर का गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं जिले से होकर निकल रहा है। एक्सप्रेसवे तक पहुंचने के लिए तीन इंटरचेंज बनेंगे। अब डहरपुर और वनकोटा के लिए यूपीडा की ओर से झंडी मिल गई है। अनुमति मिलने के बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं समेत 12 जिलों से होकर गुजर रहा है। अन्य जिलों की अपेक्षा एक्सप्रेसवे की सबसे ज्यादा 95 किमी दूरी बदायूं जिले में है। ऐसे में जिले के लोगों को अगर मेरठ से लेकर प्रयागराज के बीच में सफर करना है तो वह बिनावर पर बनाने वाले इंटरचेंज का उपयोग करना होगा। इसको ध्यान में रखते हुए बिनावर में इंटरचेंज के पास में औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाने लगा। हालांकि स्थानीय जनप्रतिधि वनकोटा व डहरपुर-बिहारीपुर पर इंटरचेंज बनाने के लिए प्रयास करते रहे। इसके बाद में वनकोटा को करीब दो माह पहले और डहरपुर-बिहारीपुर को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी गई है। अब जिले के लोग गंगा एक्सप्रेसवे पर तीन जगहों पर चढ़ व उतर सकेंगे।




### इन गांवों के लोगों को होगा लाभ

सदर तहसील समेत बिसौली और दातागंज में एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज बनने के बाद कई गांव सीधे इससे जुड़ जाएंगे। इसमें बिसौली तहसील के गांव वनकोटा, सदर तहसील के औरंगाबाद माफी, कुतुबपुरथरा व घटपुरी तथा दातागंज तहसील के बिहारीपुर, डहरपुर व छछऊ गांव के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

### 49 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा इंटरचेंज

डहरपुर-बिहारीपुर में 49.534 हेक्टेयर भूमि पर इंटरचेंज बनाया जाएगा। इस पर करीब 24 करोड़ रुपये की लागत आएगी। शासन की तरफ से मंजूरी मिलने के बाद में अब काम शुरू हो जाएगा।




# अजय देवगन की 'मैदान' का गाना 'रंगा रंगा' जारी

**मुंबई।** 'शैतान' की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मैदान' का नया गाना 'रंगा रंगा' जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। 'मैदान' की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

लाइफ Style

# मलाइका

## अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं

बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं। मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।



हॉलीवुड मसाला




# बाइक एक्सीडेंट में गई जान

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चांस पेर्डोमो अब नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 30 मार्च को अभिनेता की एक बाइक एक्सीडेंट में जान गई। कला के प्रति उनका जुनून और जिंदगी के प्रति उनकी भूख से हर वह शख्स वाकिफ था, जो उन्हें जानते थे। चांस ने अपने करियर की शुरुआत कम उम्र में शुरू की थी। साल 2016 में उन्होंने शॉर्ट फिल्म लॉन्गफील्ड ड्राइव से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी आफ्टर वी फेल से मिली।



# एना और लाइवली की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर लगभग 800 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। एना केंड्रिक ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। साथ ही न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट सेलिंग लेखिका भी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म वुमन ऑफ द आवर से वो निर्देशकीय पारी शुरू कर रही हैं।



# हीरामंडी के लिए बनाया रिकार्ड


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः दि डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकार्ड-ब्रेकिंग टाइम यानि 20 मिनट में पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास रच दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार का दूसरा गाना ' तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।



# मनोज की 'जोरम' अब मुफ्त में यूट्यूब पर

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इससे पहले मनोज को फिल्म 'जोरम' में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी और अब आप 'जोरम' को फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं। 'जोरम' को आप जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इस खबर की जानकारी देते हुए निर्माताओं ने फिल्म का लिंक भी दिया है। 'जोरम' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 लाख रुपये का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी दसरू (मनोज) की है, जो झारखंड की आदिवासी बस्ती में रहता है। उसे अपनी पत्नी (तनिष्ठा चटर्जी) और 3 महीने की बच्ची जोरम के साथ मुंबई आना पड़ता है, जहां वह मजदूरी करके खुशहाल जिंदगी जीता है।

# उषा मेहता के किरदार में नहीं जमीं सारा अली खान



**मुंबई।** सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। यह जीवनी नाटक उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी थीं और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से काम किया था। सारा, जिन्हें आखिरी बार मर्डर मुबारक में एक ग्लैमरस भूमिका में देखा गया था, कन्नन अय्यर की नवीनतम रिलीज़ में एक शांत उषा की भूमिका निभा रही हैं। वह खादी साड़ियां पहनती हैं और हर मौके पर 'करो या मारो' चिल्लाती हैं, लेकिन ऐ वतन मेरे वतन में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐ वतन मेरे वतन की शुरुआत कनिष्ठ उषा द्वारा अपने पिता से यह कहने से होती है कि वह उड़ना चाहती है। सचिन खेडेकर द्वारा अभिनीत, उषा के पिता उसे आकाश में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख खोजने के लिए कहते हैं। इसके बाद फिल्म 1940 के दशक की कहानी बताती है जब सारा अली खान को भारत में ब्रिटेन की भागीदारी पर अपने पिता के साथ मतभेद करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जल्द ही उषा को एहसास हुआ कि उनके पंख उनकी लड़ाई की भावना और राष्ट्र के प्रति प्रेम हैं। फिर उषा ने लोगों को एकजुट करने और भारत छोड़ो आंदोलन को प्रज्वलित करने के लिए कांग्रेस रेडियो नाम से अपना रेडियो स्टेशन शुरू किया।

कनगराज के निर्देशन में बनेगी फिल्म

# रजनीकांत की थलाइवर 171 का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** रजनीकांत की 'जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रजनीकांतजल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। 'लियो' और 'विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा।



### इस साल के अंत तक हो सकती है रिलीज

फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है। बता दें कि गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं।

# कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी

**मुंबई।** मनीषा कोइराला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने कैंसर को मात देने के बाद मिली दूसरी जिंदगी और 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर 'हीरामंडी' में अपने सह-कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल के साथ नजर आईं तो उनके माता-पिता, प्रकाश कोइराला और सुषमा कोइराला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह कई चीजों के लिए आभारी हैं, जिसमें उनके करियर के उतार-चढ़ाव से लेकर अच्छे निर्देशक, दोस्त और कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी शामिल है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं, इसलिए जब भंसाली का फोन आया तो मुझे पता था कि थोड़े समय के लिए अपनी शांत दुनिया को छोड़कर इसे करना सही होगा। अभिनेत्री ने भंसाली की तारीफ करते हुए कहा कि वह पहले दिन से ही प्रतिभाशाली थे।

'हीरामंडी' का हिस्सा बन आभारी हैं मनीषा कोइराला



# 'गुड्डी' से 'ड्रीमगर्ल' तक, इन अभिनेत्रियों ने सियासत में भी छुआ आसमान

*मुंबई। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई है। इस बार सियासी जमीन पर अभिनेत्री कंगना रनोट भी दांव- पेंच खेलते हुए नजर आ रहीं हैं। उनसे पहले भी कई अभिनेत्रियां राजनीति के क्षेत्र में लोहा मनवा चुकी हैं। उत्तर से दक्षिण तक, कई नामी अभिनेत्रियों ने राजनीति की जमीन पर कदम रखा और सफलता की परिभाषा लिख दी। पर्दे पर भले इन्होंने ग्लैमर्स अंदाज दिखाया हो लेकिन राजनीति में गंभीर राजनेत्री बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।*



### वर्तमान में कंगना चुनाव मैदान में

सिनेमा और सियासत का रिश्ता काफी पुराना है। पर्दे पर अपनी अदाकारी से करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले सितारे अक्सर चुनावी बिसात पर किस्मत आजमाने पहुंचते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार भी कई फिल्मी हस्तियां ताल ठोकते हुए नजर आ रही हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत मैदान में हैं तो मथुरा से हेमा मालिनी चुनावी समर में एक बार फिर उतरी हैं।

### दोनों सदनों की सदस्य रहीं जया प्रदा



साउथ फिल्मों के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने वाली जया प्रदा भी एक सफल राजनेत्री हैं। सियासत में रुझान बढ़ने के साथ 32 साल की उम्र में वो तेलुगु देशम पार्टी के साथ जुड़ी थीं। इसके बाद समाजवादी पार्टी और 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जया संसद के दोनों सदनों की सदस्य रह चुकी हैं।

### 6 बार मुख्यमंत्री बनीं जयललिता



तमिल सिनेमा की लीजेंड्री अभिनेत्री जयललिता ने भी सियासत की गलियों में खूब नाम कमाया। जयललिता को राजनीति में लाने का श्रेय तमिल सिनेमा के आइकॉनिक स्टार एमजी रामचंद्रन को जाता है, जिन्होंने जया के साथ कई फिल्मों में काम किया था। जयललिता ने 1982 में एआइएडीएमके ज्वाइन की थी। वो 6 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।

### अमरावती से चुनाव मैदान में नवनीत कौर

नवनीत कौर एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्मों में लंबे अर्से तक काम किया है। नवनीत 2019 में अमरावती से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। इस बार वो बीजेपी के टिकट पर अमरावती से ही चुनावी मैदान में हैं।

### राज्य सभा सदस्य रहीं नरगिस

नरगिस अपनी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए आज भी याद की जाती हैं। मदर इंडिया, बरसात और आवारा समेत अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। अदाकारी के बाद नरगिस ने राजनीति में भी हाथ आजमाया और राज्यसभा में जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। नरगिस 3 अप्रैल 1989 से 3 मई 1981 तक (निधन से पहले) राज्यसभा सदस्य रहीं।



### पॉलिटिक्स में लंबी पारी खेल रहीं हेमा मालिनी

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी राजनीति में अपना दबदबा बनाया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर हेमा मालिनी ने पॉलिटिक्स में एक लंबी पारी खेली और अभी भी मैदान में डटी हुई हैं।

### राज्य सभा सदस्य जया बच्चन



बॉलीवुड की गुड्डी जया बच्चन, समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद हैं। जया का राज्य सभा में चौथा कार्यकाल चल रहा है। 2004 में वो पहली बार राज्य सभा पहुंची थीं।



### मंत्री पद तक पहुंचीं स्मृति ईरानी

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली स्मृति ईरानी भारतीय जनता पार्टी का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि सास भी कभी बहू के साथ घर-घर में छा जाने वाली स्मृति महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। इससे पहले वो मानव संसाधन विकास मंत्री रह चुकी हैं।

## लोकसभा क्षेत्र

**जबलपुर**

1 भाजपा प्रत्याशी — आशीष दुबे

2 कांग्रेस प्रत्याशी — दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता** — राकेश सिंह

**जीत का अंतर** — 4 लाख 54 हजार 744

## क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

# जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

*महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं हैं। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड हैं और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,



आशीष दुबे



दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

### विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

### ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

---

जैसा मैंने देखा

## चुनाव...

### भाजपा और जनता दल में चुनावी समझौता, पर पटेल पहुंचे संसद

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर कई प्रकार की चर्चाएं और घटनाक्रम सुर्खियों का विषय बनते रहे हैं। ऐसा ही एक किस्सा 1989 लोकसभा चुनाव का भी सुर्खियां पाता रहता है। इस चुनाव में भाजपा और जनता दल के बीच में चुनावी समझौता हुआ था। इस समझौते के अंतर्गत सिवनी लोकसभा सीट जनता दल के लिए छोड़ी गई थी। उन दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ला जनता दल में हुआ करते थे। सिवनी लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का इंट्रेस्ट भी विद्या चरण शुक्ल के मन का विषय था। उन्होंने अपने समर्थक जबलपुर के मदन तिवारी के लिए यह सीट भाजपा से मांगी थी। समझौते के तहत मदन तिवारी ने यहां से जनता दल की टिकट पर नामांकन भी दाखिल किया था। इसी बीच में युवा मोर्चा के प्रमुख नेताओं में से एक रहे प्रहलाद पटेल ने भाजपा के चुनाव चिन्ह पर सिवनी से नामांकन दाखिल कर दिया। संयोगवश कहे या इसे राजनीतिक चतुराई कहें भाजपा ने प्रहलाद पटेल के पक्ष में बी फॉर्म भी जारी कर दिया। चुनाव आयोग ने समस्त दस्तावेजों को देखने के बाद प्रहलाद पटेल को कमल का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। जनता दल और भाजपा के बीच इस बात को लेकर खासा विवाद हुआ कि यह तकनीकी भूल नहीं हो सकती। प्रहलाद पटेल युवाओं में लोकप्रिय थे, जिसके कारण चुनाव प्रचार ने तेजी पकड़ी और वह पहली बार लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हो गए। पटेल जब लोकसभा सदस्य निर्वाचित होकर संसद भवन पहुंचे, तब भाजपा के बड़े नेता और देश के प्रधानमंत्री रहे हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने पटेल का स्वागत कर दिया। इस प्रकार दिए गए आशीर्वाद का जनता दल के लोगों ने यही अभिप्राय जाना कि भाजपा ने जानबूझकर प्रहलाद पटेल को चुनाव लड़ाया है। वैसे भी उस समय के राजनीतिक समीकरणों में मध्य प्रदेश में जनता दल का कोई बड़ा आधार नहीं था। इसलिए भी भाजपा के नेतृत्व में निर्वाचन पदाधिकारी के यहां से बी फॉर्म वापस लेना उचित नहीं समझा। तकरार के बाद जनता दल और भाजपा के बीच में केवल एक ही बार विधानसभा चुनाव में समझौता हो पाया था, जिसके तहत बच्चन नायक जनता दल के विधायक के रूप में समझौते के कारण सदन में पहुंच पाए।



सुरेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

## चाय पे चर्चा

▶▶ नवीबाग क्षेत्र स्थित राजवीर टी-स्टॉल पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा में देश और प्रदेश के मुद्दे गूंजे

### इस बार के लोकसभा चुनाव में रोजगार और विकास प्रमुख मुद्दा, मुख्य दलों के प्रत्याशियों का भी असर

लोकसभा चुनाव की चर्चाओं के लिए चाय की दुकानें विशेष स्थान साबित हो रही है। यहां लोग चाय की चुस्कियों के साथ चुनावी चर्चाओं का पिटारा खोल रहे हैं। कोई किसी राजनैतिक पार्टी के प्रत्याशी को चर्चाओं में जिता रहा है तो कोई दूसरी पार्टी के उम्मीदवार को। ऐसे में हर किसी का अपना मत है, लेकिन ओवरऑल मतदाता ही प्रत्याशी को जिताएगा। इस मामले में शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों के बीच चर्चाओं की



अलग-अलग मुद्दे देखे जा रहे हैं। कोई भी किसी की जीत-हार का दावा कर रहा है। ऐसे में प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में शामिल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच होने वाली हार-जीत की बात ज्यादातर लोगों के बीच ज्यादा सुनी जा रही है। अन्य पार्टियों के प्रत्याशी जीत के लिए अब पहले से अधिक मेहनत से प्रचार करने लगे हैं, उन्हें भी परिणाम अच्छा ही मिलेगा। ऐसे में नवीबाग क्षेत्र स्थित राजवीर टी-स्टॉल पर चर्चाओं का दौर सुनने को मिला। इलाके के निवासी भैया लाल रांझी, तरुण विश्वकर्मा, जयकुमार नाथ, लखन लोधी और नवल सिंह ठाकुर का मानना है कि लोकसभा चुनाव में कई मुद्दे अहम रहेंगे। इनमें रोजगार, विकास आदि प्रमुख मुद्दे हो सकते हैं। मतदाता जिसे चुनेगा, वही जीतेगा। चुनाव में चर्चाएं बहुत सी होती हैं, लेकिन परिणाम वहीं होते हैं, जो मतदाता ईवीएम में फीड करता है।

## जो हो न सका...

### इमामी गेट से मोती मस्जिद के बीच नहीं बना ओवर ब्रिज, सड़क चौड़ीकरण का भी इंतजार

पुराने शहर में इमामी गेट के पास होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने के लिए इमामी गेट से मोती मस्जिद के बीच प्रस्तावित ओवर ब्रिज और सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन का अधिग्रहण भी किया गया, लेकिन अब तक ब्रिज का काम शुरु नहीं हो पाया है। मोती मस्जिद से इमामी गेट तक सड़क चौड़ीकरण और ओवर ब्रिज बीआरटीएस के तहत प्रस्तावित किया गया था। इस काम में सबसे बड़ी बाधा 53 मकान और दुकान बने हुए थे। इनके अधिग्रहण के लिए मुआवजा देने पर निगम सहमत नहीं हो रहा था। वर्ष 2012 में तत्कालीन कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से 16.87 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया गया था। नगर निगम ने 10 प्रतिशत राशि भी जमा करा दी है।

**यह होता फायदा**



मोती मस्जिद से पीरगेट व इससे आगे तक फ्लाईओवर बनने से वाहन अच्छे से आवाजाही कर सकेंगे। इसके साथ ही चौक बाजार, जुमेराती, लखेरापुरा, आजाद मार्केट समेत सुल्तानिया रोड, भोपाल टॉकीज जैसे क्षेत्रों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### युवाओं के लिए रोजगार व देश के विकास के मुद्दे पर वोट दूंगी

युवा मतदाताओं की वजह से ही लोकतंत्र नए आयाम स्थापित कर रहा है। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है और अधिकारी भी है। मैं पहली बार लोक सभा चुनाव में मतदान करूंगी। इसको लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं युवाओं के लिए रोजगार व देश के विकास के मुद्दों पर वोट करूंगी। मैं स्वयं तो वोट डालने के साथ समाज के अन्य वर्ग को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करूंगी।



**अन्नू कुमारी**, युवा मतदाता

### जब तक युवा जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा

जो देश व युवाओं का विकास के लिए काम करेगा, मैं उसके पक्ष में वोट डालूंगा। साथ ही सभी उम्मीदवार व पार्टी को परखने के बाद वोट करूंगा। लोगों को साफ छवि के व्यक्ति के पक्ष में वोट करना चाहिए। हम युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे, तब तक समाज नहीं जागेगा। लोकतंत्र में सरकार चुनने में युवाओं की अहम भूमिका होती है। अतः सभी युवाओं को सोच समझकर ही जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए।



**सौरभ शर्मा**, युवा मतदाता

---

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सक्ती जिले में कार और मोटर साइकिल में आमने सामने जोरदार टक्कर हुई है। एक युवक की घटना स्थल पर मौत हुई है वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने कार को जब्त किया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कार क्रामंक 11बीएफ 9001 का चालक मंदिर दर्शन के लिए चंद्रपुर जा रहे थे। वहीं मोटर साइकिल में सवार दो युवक डभरा काम से आए हुए थे काम खत्म होने के बाद वापस घर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार ठोकर मारी है जिससे मोटर साइकिल सवार दोनो युवक सड़क किनारे जा गिरे। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जिसमें युवक दिनेश कुमार सीदार उम्र 32 वर्ष की सिर पर गंभीर चोट आने ने से मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक शांति सीदार उम्र 34 साल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया गया।

**दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल**



## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**जगदलपुर।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम मिटकूपारा में रहने वाला बुजुर्ग विगत 15 वर्षों से केशलूर ढाबा में रहकर मिस्त्री का काम करता था, लेकिन शनिवार की शाम को शराब के नशे में धुत्त होकर रेलवे स्टेशन की ओर गया, जहां मालगाड़ी से टकराने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परपा पुलिस ने बताया कि शनिवार की शाम को रेलवे पुलिस ने बताया कि राम मंदिर रेलवे ट्रैक केशलूर में एक बुजुर्ग ट्रैन से टकराने से उसकी मौत हो गई, जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी।

# कवर्धा-जबलपुर नेशनल हाईवे पर ट्रक आपस में भिड़े लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा-जबलपुर नेशनल हाईवे में रविवार रात व सुबह ट्रक आपस में भिड़ गए। इस भिड़ंत में चार ट्रकों में आग लग गई। पहला सड़क हादसा रात के समय ग्राम अगरी में हुआ, यहां पर पुलिस टीम लोकसभा चुनाव को लेकर बोलेरो वाहन की जांच कर रही थी। इसी दौरान रायपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मारते हुए आगे कवर्धा की तरफ से आ रहे ट्रक से जा भिड़ा। इसके बाद दोनों ट्रकों में भीषण आग लग गई। ट्रक के चालक व कंडेक्टर जैसे-तैसे कूद कर जान बचाई। ट्रक की टक्कर के बाद बोलेरो वाहन खेत में जा घुसी। इसमें सात लोग सवार थे। राहत की बात है कि हादसे में किसी को चोट नहीं लगी है। रात के समय पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी। देर रात तक आग को काबू पाया गया।

**ट्रक के चालक व क्लीनर ने कूदकर बचाई अपनी जान**



ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत, दोनों में लगी आग

दूसरा सड़क हादसा ग्राम बैजी में रविवार सुबह करीब 9 बजे हुआ है। एक ट्रक और कंटेनर कवर्धा की ओर से बेमेतरा जा रहा था। तभी कंटेनर अपने सामने जा रहे ट्रक से भिड़ गया। इस हादसे में दोनों ट्रक में आग लग गई। हादसे में कंटेनर का वाहन चालक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए बेमेतरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गांव में घुसे जंगली हाथी, मचाई तबाही, कई घर तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। देर शाम होते ही हाथी जंगल से लगे गांव में पहुच रहे हैं। हाथियों के झुंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। कटघोरा वन मंडल के परला गांव एक का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक हाथी घर तोड़ता नजर आ रहा है।

हाथी ने पहले घर में रखा अनाज खाया फिर बाड़ी में लगे केले के झाड़ को बर्बाद किया। इस बीच घर वालों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। वहीं घटना की सूचना मिलते हैं वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और हाथी को जंगल की तरफ खदेड़ा गया। परला गांव में ग्रामीण दहशत में जीने की मजबूर हैं। ग्रामीणों की माने तो पिछले कई दिनों से हाथियों का दल इस क्षेत्र में जंगल में विचरण कर रहा है।

**कोरबा में हाथी का उत्पात, कैमरे में हुआ कैद**

### ▶▶ ग्रामीणों को हुआ काफी नुकसान, दहशत में लोग

हाथी का गांव के अंदर आने का कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी हाथी गांव में दस्तक दे चुका है और ग्रामीणों को काफी नुकसान का सामना भी करना पड़ा। हाथियों के इस उत्पात को लेकर कलेक्टर से भी शिकायत की जा चुकी है।

वन कर्मियों की माने तो ग्रामीणों को जंगल से जाने रोका जा रहा है। वहीं आसपास जंगल से लगे गांव में वन विभाग के द्वारा मुनादी कराई जा रही है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जा रही है ताकि समय रहते हैं लोगों को सतर्क किया जा सके।



### पुलिस ने किया तीन गो तस्कर को गिरफ्तार

**कबीरधाम।** कबीरधाम पुलिस ने रविवार को गो तस्करी के मामले में तीन इंटर स्टेट तस्करों को गिरफ्तार किया है। मामला दशरंगपुर पुलिस चौकी का है। जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी-04- एचएक्स 4274 में करीब 44 मवेशी को रायपुर से एमपी ले जाया जा रहा था। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो चार मवेशी मृत मिले। इस मामले में वाहन चालक ओमप्रकाश कावड़े, यशोधरा नगर नागपुर महाराष्ट्र, मोहम्मद अली नागपुर महाराष्ट्र, पकला घृतलहरे ग्राम खंडसरा, जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार किया है।

## मतदाता को जागरूक करने स्टूडेंट्स ने किया मॉल में फ्लैश मॉब, नुक्कड़ नाटक और डांस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर जिले में मतदाओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले में शतप्रतिशत मतदान के लिए नुक्कड़ नाटक, बाइक रैली, स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता और स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों जागरूक किया जा रहा है। इसी बीच स्वीप टीम की उपस्थिति में आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के स्टूडेंट्स ने रिंग रोड स्थित मैग्नेटो मॉल में फ्लैश मॉब किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के स्टूडेंट्स ने रिंग रोड स्थित मैग्नेटो मॉल में फ्लैश मॉब किया।

### उपचार के दौरान अस्पताल में बड़े भाई की मौत

# जंगल की आग की चपेट में आने से दो सगे भाई झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छत्तीसगढ़


नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के ग्राम जगगुंडा में रहने वाले 3 सगे भाई घर के छत में बिछाने के लिए छिंद का चादर काटने जंगल गए थे, अचानक से जंगल में फैले आग की चपेट में आने से 2 भाई झुलस गए, जिसके बाद उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां उपचार के दौरान बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि छोटा भाई घायल है, जिसका उपचार मेकाज में चल रहा था, लेकिन भाई की मौत की खबर का पता चलते ही अस्पताल से छुट्टी लेकर घर चले गए। जानकारी देते हुए घायल के परिजनों ने बताया कि लक्ष्मण पिता भीमा 26 वर्ष, लछनू 23 वर्ष के अलावा रोहन 24 वर्ष 4 अप्रैल को घर से मोरलमेटा के जंगल में छावनी (छिंद का चादर) को काटने के लिए गए हुए थे। छिंद का चादर काटने के दौरान अचानक पहाड़ी में लगे आग को देखने के बाद काटने का काम कर रहे थे, अचानक से चले तेज हवा से सूखे पत्तों में आग लग गया, जिसके चपेट में आने से लक्ष्मण और लछनू दोनों झुलस गए, घटना के बाद लक्ष्मण बेहोश हो गया।

## चिंतन

# केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रति दुर्भावना ठीक नहीं

एक बहुदलीय लोकतंत्र में केंद्र और राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनना सामान्य बात है। पहले भी ऐसी सरकारें रही हैं और तमाम सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां अपने राजनीतिक हितों का ख्याल भी रखती रही हैं, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ऐसा क्या हो गया कि केंद्र और राज्यों पर अगल-अलग दलों की सरकार होने पर तकरार पैदा होने लगी है। छोटे-छोटे मुद्दों पर राज्य व केंद्र आमने सामने होने लगे हैं। लगातार देखने में आ रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को लेकर अनेक खासकर विपक्षी राज्य खासे मुखर है। एक समय तो ऐसा आया कि देश के दस राज्यों ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की राज्य में नो इंट्री का ऐलान कर दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते उन्हें नरम होना पड़ा। सीबीआई और ईडी के एक्शन से नाराज 14 राजनीतिक दलों के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। उसमें बिहार से आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया कि सेंट्रल एजेंसियों की जांच नहीं रोकी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट जाने वालों में अधिकतर वैसे दल शामिल थे, जिसके नेता या कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे थे। उनके खिलाफ अदालतों ने सेंट्रल एजेंसियों से जांच की सिफारिश की है। केंद्र सरकार भी सुप्रीम कोर्ट में साफ कर चुकी है कि सीबीआई पूरी तरह से स्वतंत्र होकर काम करती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से राज्य सरकारें चुप तो हैं, लेकिन विरोध को दूसरा तरीका सामने आ रहा है। बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से गिरफ्तार टीएमसी नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि एनआईए की टीम ने जांच के बहाने जबरन उनके घर में घुसने की कोशिश की। महिला ने अधिकारियों पर मारपीट, बदतमीजी और घर में तोड़फोड़ का आरोप भी लगाया है। लोकल पुलिस ने जांच एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है। घटना 5 अप्रैल देर रात की है। एनआईए की टीम कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर भूपतिनगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी। तृणमूल कांग्रेस के नेता बलाई चरण मैती और मनोब्रत जना केस के दो मुख्य साजिशकर्ता बताए जा रहे हैं। जब जांच टीम आरोपियों को गिरफ्तार कर ले जाने लगी तो लोग लाठी-डंडे लेकर उनके सामने अड़ गए। लोगों ने अधिकारियों की गाड़ी पर पथराव किया। हमले में एक अफसर को चोटें भी आईं। अगर राज्यों में केंद्रीय जांच एजेंसियों से इस तरह का व्यवहार किया जाएगा तो संघीय ढांचा कैसे कार्य कर पाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों को जांच के लिए कोर्ट या राज्य अथवा केंद्र सरकार ने ही कहा है। सामान्य भाव यही है कि चोर या भ्रष्टाचारी पकड़ा जाना चाहिए। हां, थोड़ा-बहुत संदेह तब तक बरकरार रहता है, जब तक दोष न सिद्ध हो जाए। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार के इशारे पर सीबीआई और ईडी विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करती हैं। इसके लिए जांच एजेंसियों को कार्यप्रणाली में भी बदलाव की जरूरत है। एजेंसी को राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर अपराध को खिलाफ मोर्चो खोलना होगा। जहां तक बात राज्य सरकारों की है तो उन्हें समझना चाहिए कि जांच एजेंसियां किसी पार्टी की न होकर देश की धरोहर हैं। ये हो सकता है कि कुछ मामलों में राज्य सरकारों को उनसे परेशानी हो, लेकिन इससे जांच प्रभावित नहीं होनी चाहिए। हर दोषी का सलाखों के पीछे होना बहुत जरूरी है।

## सारा संसार



तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर के केंद्र में स्थित है; श्री अय्यप्पन मंदिर एक महत्वपूर्ण मंदिर है जो भगवान श्री अयप्पा को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि इसे 20 वीं शताब्दी के मध्य में एक ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया था।



स्वास्थ्य
डॉ. ए.के. अरुण

# सेहत के लिए उपवास बहुत खास

उपवास का न केवल शरीर के बल्कि मन के विकारों को दूर करने पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विकारग्रस्त व्यक्ति का व्यक्तित्व तक बदलने लगता है। वक्त का तकाजा है कि हम उपवास को गंभीर रोगों के उपचार में भी आजमाएं। उपवास शरीर के फायदे के लिए समय मांगता है और यह समय आपको न केवल रोगमुक्त कर सकता है वल्कि आपको दीर्घायु भी बना सकता है। भारत में उपवास संस्कृति में शामिल है। ऑटोफैगी (उपवास) के चिकित्सकीय फायदे पर शोध के लिए जापानी कोशिका जीवविज्ञानी योशिनोरी ओहसुमी ने 2016 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। अच्छी सेहत के लिए उपवास बहुत खास है।

अभी रमजान रोजा चल रहा है, नवरात्र आने वाले हैं। इस दौरान व्रत या उपवास का चलन है। उपवास न केवल सांस्कृतिक अनुष्ठान है, बल्कि यह चिकित्सा भी है। जैसे संतुलित व सही आहार औषधि है, ठीक वैसे ही उपवास भी औषधि है। धार्मिक विषय मानकर उपवास की उपेक्षा करता रहा विज्ञान अब उसमें रोगमुक्ति और दीर्घायु-प्राप्ति की चमत्कारिक क्षमताएं देखने लगा है। लगभग सभी धर्मों में किसी न किसी बहाने उपवास रखने की परंपरा है। इस्लाम हो या हिंदू धर्म किसी न किसी बहाने इन सभी में उपवास एक महत्वपूर्ण क्रिया है। विडंबना तो यह है कि कथित आधुनिक वैज्ञानिक ही नहीं, अपने आधुनिक जीवन-दर्शन पर गर्व करने वाले प्रायः हम सभी लोग, व्रतों-उपवासों को पुरातनपंथी या अंधविश्वासी प्रथाएं मान लेते हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि रूस में उपवास से चिकित्सा का सरकारी अस्पताल है।

रूस के अंतहीन विस्तारों वाले साइबेरिया में 10 लाख की जनसंख्या वाला बुर्यातिया एक स्वायत्तशासी 'गणतंत्र' है। 1995 से वहां उपवास द्वारा बीमारियां ठीक करने का एक प्रसिद्ध अस्पताल विभिन्न बीमारियों के हज़ारों रोगियों का इलाज़ कर चुका है। अस्पताल गोर्याचिंस्क नाम के जिस सुरम्य शहर है में है, वह बुर्यातिया की राजधानी उलान-ऊदे से क़रीब 250 किलोमीटर दूर मीठे पानी की संसार की सबसे बड़ी झील बाइकाल के पूर्वी तट पर बसा है। रूस में दूर-दूर से आए ऐसे लोगों का, जो आधुनिक मंहगी चिकित्सा पद्धति से निराश हो चुके हैं, वहां सरकारी ख़र्चे पर इलाज किया जाता है। उपवास, बौद्ध धर्मियों के बहुमत वाले बुर्यातिया की स्वास्थ्य नीति का अभिन्न अंग है। वहां के स्वास्थ्य मंत्री स्वयं भी उपवास-प्रेमी हैं। गोर्याचिंस्क में उपवास की जिस उपचार विधि का प्रयोग किया जाता है, उसे भूतपूर्व सोवियत संघ वाले दिनों के कम्युनिस्ट शासनकाल में, चार दशकों के दौरान, हज़ारों लोगों पर आजमा कर विकसित किया गया था। इस खोज की कहानी मास्को में मानसिक रोगों के उपचार के अस्पताल 'कोज़ाकोव क्लीनिक' से शुरू होती है। इस अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक डॉ. यूरी निकोलायेव का सामना एक दिन अवसादग्रस्त एक ऐसे रोगी से हुआ, जो कुछ भी खाने से मना कर रहा था। डॉ. निकोलायेव ने भी ज़ोर-ज़बरदस्ती करने के बदले उसे भूखा ही रहने दिया। उन्होंने पाया कि पांच दिनों के उपवास के बाद उस रोगी का अवसाद अपने आप घटने लगा था। उसकी आंखें भी अब खुली रहती थीं। दसवें दिन बिस्तर से उठकर वह चलने-फिरने भी लगा, हालांकि अब भी मौन रहता था। 15वें दिन उसने पहली बार अपने बिस्तर के पास रखे सेब का रस पिया और हवाखोरी के लिए कमरे से बाहर भी गया। धीरे-धीरे वह दूसरे लोगों से हिलने-मिलने लगा। अंततः वह पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर चला गया। डॉ. निकोलायेव के लिए इस अनोखे अनुभव का अर्थ था कि यह मनोरोगी स्वैच्छिक उपवास से ही ठीक हुआ था। यानी, उपवास द्वारा मनोरोग ठीक किए जा सकते हैं। उन्होंने इस दिशा में और आगे जाने का निश्चय किया। सफलता आशातीत रहीं। मरीजों की कतार लंबी



होती गई। डॉ. निकोलायेव ने डिप्रेशन से लेकर शिज़ोफ्रेनिया, फोबिया या ऑब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर/ सनकपूर्ण शंका-विकार जैसे रोगों से पीड़ितों का उपवास द्वारा सफल उपचार किया। वे उनसे 25 से 30 या 40 दिनों तक उपवास करवाते थे।

समस्या यह थी कि उस समय के दूसरे डॉक्टर भूखा रखकर किसी बीमार को ठीक करने की डॉ. निकोलायेव की उपचारविधि के मर्म को समझ नहीं पा रहे थे। अतः उनका उपहासपूर्ण विरोध होने लगा। अपने आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए डॉ. यूरी निकोलायेव ने एक ऐसी व्यापक शोध-परियोजना शुरू की, जिसने रूसी चिकित्सा विज्ञान में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने सैकड़ों लोगों के उपचार से पहले, उपचार के दौरान और उसके बाद उनकी शारीरिक तथा जैव रासायनिक क्रियाओं को जानने के लिए हार्मोन-स्तर मापे, मस्तिष्क लेखी के द्वारा मस्तिष्क में होने वाले परिवर्तनों को देखा-परखा और सारे आंकड़ों का अध्ययन-विश्लेषण किया। सभी अध्ययनों ने उपवास के दौरान रोगियों के शरीर में हुए परिवर्तनों और उनके मानसिक स्वास्थ्य में आए सुधारों के बीच सीधा संबंध दिखाया। डॉ. निकोलायेव और 18 वर्षों तक उनके सहयोगी रहे डॉ. वालेरी गुर्बिच ने पाया कि 'उपवास का न केवल शरीर के, बल्कि मन के विकारों को दूर करने पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विकारग्रस्त व्यक्ति का व्यक्तित्व तक बदलने लगता है। उन्हें कोई संदेह नहीं रह गया था कि अवसाद का दूर हो जाना, कई दिनों के उपवास के अनेक अनुकूल शारीरिक प्रभावों के साथ-साथ, एक बहुत ही उपयोगी मानसिक प्रभाव है, जिसकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। डॉ. निकोलायेव ने अपने समय के सोवियत स्वास्थ्य मंत्रालय को जब इस बारे में सूचित किया, तो मंत्रालय को उनकी खोज पर विश्वास नहीं हुआ। मंत्रालय ने 1973 में कई डॉक्टरों की एक जांच समिति गठित की। जांच समिति ने उपवास की उपयोगिता मानी, दोनों ने 'रोगोपचारी उपवास' के बारे में तब तक कुछ नहीं सुना था। उनसे कहा गया कि उन्हें शरीर के पाचनतंत्र में पाए जाने वाले तरह-तरह के बैक्टीरियों से लेकर कोशिकाओं में होने वाली चयापचय क्रिया और रोगप्रतिरोधक तंत्र तक सभी महत्वपूर्ण क्रियाओं तथा प्रणालियों पर उपवास के प्रभावों का पता लगा कर डॉ. निकोलायेव के निष्कर्षों के साथ तुलना करते हुए अपना निर्णय बताना है। समिति ने डॉ. निकोलायेव के निष्कर्षों की पुष्टि से आगे जाते हुए विभिन्न बीमारियों वाले उन लक्षणों और प्रति लक्षणों की एक सूची भी तैयार की, जो उपवास द्वारा उपचार के उपयुक्त या अनुपयुक्त समझे गए। इस सूची के अनुसार श्वसन तंत्र के रोगों, हृदय और रक्त संचार की बीमारियों, उदर और आंत्र विकारों, अंतःस्रावी ग्रंथियों के रोगों, पाचन तंत्र वाले अवयवों की बीमारियों, जोड़ों और हड्डियों की बीमारियों तथा चर्मरोगों के प्रसंग में रोग उपचार उपवास की अनुशंसा की जा सकती है। समिति ने उपवास के अनुपयुक्त बीमारियों की सूची में कैंसर, तपेदिक (क्षय रोग/टीबी), मधुमेह टाइप-1(डायबिटीज), चिरकालिक यकृतशोथ (क्रॉनिक हेपेटाइटिस), आनुवंशिक घनास्त्रता (जेनेटिकल थ्रोम्बोसिस/रक्त वाहिका में रक्त का थक्का जम जाना), क्षुधा-अभाव (अनॉरेक्सी/दुबलेपन की लत) और थायराइड ग्लैंड की अतिसक्रियता को गिनाया। वक्त का तकाजा है कि हम उपवास को गंभीर रोगों के उपचार में भी आजमाएं।

उपवास शरीर के फायदे के लिए समय मांगता है और यह समय आपको न केवल रोगमुक्त कर सकता है बल्कि आपको दीर्घायु भी बना सकता है। भारत में उपवास संस्कृति में शामिल है। ऑटोफैगी (उपवास) के चिकित्सकीय फायदे पर शोध के लिए जापानी कोशिका जीवविज्ञानी योशिनोरी ओहसुमी ने 2016 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। अच्छी सेहत के लिए उपवास बहुत खास है।

(लेखक होमियोपैथिक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चुनाव

शिशिर शुक्ला




# ताकि बेदाग रहे लोकतंत्र

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है- जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। ये वो अवसर होता है जब जनता को अपने दृष्टिकोण एवं राय को वोटो में तब्दील करते हुए शासन की बागडोर संभालने के लिए नए चेहरों को चुनने का मौका मिलता है। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से 5 प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं जबकि तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक एवं तकलीफदेह रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। इन सभी सवालों का जवाब देश के हर नागरिक को अपने आप से करना चाहिए क्योंकि ऐसे कलंकयुक्त चेहरों को ऊपर उठाने के लिए देश की जनता भी एक बड़ी हद तक जिम्मेदार है। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है। किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है। सवाल यह है कि क्यों सर्वोच्च स्तर से ऐसे नियम नहीं बनते कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जो अपराध से किसी भी तरह का ताल्लुक रखता है, किसी भी चुनाव में प्रत्याशी बनने का अधिकारी नहीं होगा। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है। ये सवाल ऐसे हैं जिनका जवाब ढूंढने की कोशिश करने पर कारणों की न जाने कितनी तहें खुल जाएंगी और न जाने कितना वक्त लगेगा। पांच वर्ष अथवा एक निश्चित समय के बाद लोकतंत्र का महापर्व इसलिए आता है कि इसके बहाने जन सामान्य की समस्याओं, जरूरतों, सुझावों एवं विचारों पर एक उद्देश्यपूर्ण चर्चा हो सके। और एक योग्य प्रतिनिधि का चयन किया जा सके। जब तक यह अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इसका उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
## दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।


# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
## प्रेरणा

एक गाँव में माँ-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गाँव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। माँ ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गाँववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या माँगू? अन्न माँगू या धन माँगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत माँगू या महल माँगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि भ्रष्टाचार मुक्त और सशक्त देश के निर्माण के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को आगे आना चाहिए और यदि युवा राजनीति में शामिल होंगे तो राजनीति में गतिशीलता आएगी। आम चुनाव का मौसम शुरू हो रहा है। लोकतंत्र में मतदान एक ऐसा शस्त्र है जिसके द्वारा आम जनता शांतिपूर्वक तरीके से सरकार की पुनर्स्थापना या इसे बदल सकती है। लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए मतदान संजीवनी का काम करता है। सोच- समझकर अपने मत का प्रयोग किया जाए तो पांच वर्ष तक पछताना नहीं पड़ता।

- **मनोज जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### दर्द का दिन



सात अक्टूबर का दिन इजराइल और दुनिया के लिए दर्द का दिन है। हमास द्वारा फैलाए गए आतंक को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता। मैं एक बार फिर यौन हिंसा, यातना और नागरिकों के अपहरण की निंदा करता हूं और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई का आह्वान करता हूं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार



140 देश अपने संविधान में स्वास्थ्य को मानव अधिकार के रूप में मान्यता देते हैं। फिर भी, अरबों लोगों के लिए यह अधिकार पहुंच से बाहर है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हम सभी से मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार का दावा करने का आह्वान करते हैं!

**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### उपकरण सुख का आधार नहीं



समय, ऊर्जा और साधनों के सही उपयोग द्वारा समाज को अधिकतम लाभान्वित करने के उद्देश्य की संपूर्ति अध्यात्मपरक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही संभव है। यांत्रिकीय उपकरण कभी भी मानवीय सुख का आधार नहीं हो सकते। इसलिए समष्टि के कल्याण की भावना मूलआधार हो।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी




इस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। युवा नौकरी खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और हम जनसांख्यिकीय दुःस्वप्न की ओर देख रहे हैं। 12 आईआईटी में, हमारे लगभग 30% छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# मेक्सिको ने इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़े

इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के लिए मेक्सिको के दूतावास में पुलिस के प्रवेश करने के बाद मेक्सिको सरकार ने इक्वाडोर के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए हैं। इक्वाडोर की पुलिस ने शुक्रवार देर रात राजधानी क्विटो में मेक्सिको दूतावास के मुख्य द्वार को तोड़कर जॉर्ज ग्लास को गिरफ्तार कर लिया, जो दिसंबर से वहां रह रहे थे। भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद ग्लास ने दूतावास में राजनीतिक शरण मांगी थी। दूतावास में पुलिस के बलपूर्वक प्रवेश करने की घटना के विरोध में मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मेन्युल लोपेज ओबराडोर ने शुक्रवार शाम इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की।




वहीं, मेक्सिको के विदेश मंत्री ने कहा कि इक्वाडोर के इस कदम को हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। शनिवार को, ग्लास को क्विटो में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय से बंदरगाह शहर गुआयाकिल ले जाया गया, जहां वह उच्च सुरक्षा वाली जेल में रहेंगे। ग्लास की वकील सोनिया वेरा ने बताया कि पुलिस अधिकारी पूर्व उपराष्ट्रपति के कमरे में घुस गए और जब उन्होंने गिरफ्तारी का विरोध किया तो उन्हें 'फर्श पर गिरा दिया तथा उनके सिर, पैर, हाथों पर लात मारी गई और उन्हें खींचकर बाहर ले जाया गया।'

## ऑफ बीट

# मध्यम आयु वर्ग के लोग अकेलेपन से अधिक पीड़ित

अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'अमेरिकन साइकोलॉजिस्ट' में प्रकाशित एक हालिया शोध में खुलासा हुआ है कि मध्यम आयु वर्ग के अमेरिकी अपने



यूरोपीय समकक्षों की तुलना में अकेलेपन की समस्या से अधिक पीड़ित हैं। हमारी टीम के अध्ययन ने अकेलेपन को लेकर एक ऐसी प्रवृत्ति की पहचान की है जो कई पीढ़ियों से बढ़ रही है, और यह प्रवृति 'बेबी बूमर्स' (1946–1964 के बीच जन्मे लोग) और 'जेन एक्स' (1965–1980 के बीच जन्मे लोग) दोनों ही आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित करती है। इंग्लैंड और भूमध्यसागरीय यूरोप में मध्यम आयु वर्ग के वयस्क लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित होने के मामले में अमेरिकी नागरिकों से बहुत पीछे नहीं हैं। इसके विपरीत, महाद्वीपीय और नॉर्डिक यूरोप में मध्यम आयु वर्ग के वयस्कों में अकेलेपन से पीड़ित होने के मामलों की संख्या में समय के साथ गिरावट आई है। हमने अपने शोध में 2002 से 2020 तक अमेरिका और 13 यूरोपीय देशों के मध्यम आयु वर्ग के 53,000 से अधिक वयस्कों पर किए गए सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया। हमने इन वयस्कों में 45 वर्ष से 65 वर्ष की मध्यम आयुवर्ग में हर दो साल में अकेलेपन की समस्या को लेकर उनके नजरिये में हुए बदलाव के आंकड़े जुटाए।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






जबलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो, प्रचार रथ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी रहे मौजूद

भाजपा के स्टार प्रचारक और पीएम मोदी ने जबलपुर में लोगों को किया नमन

# पीएम मोदी के स्वागत में उमड़ा शहर पुष्पवर्षा के साथ मोदी मोदी के नारे

पीएम मोदी का रोड शो शाम करीब 6.30 बजे कटंगा चौराहे से शुरू हुआ, जो छोटी लाइन पर जाकर खत्म हुआ। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के स्वागत के लिए कई मंच बनाए गए थे। कई जगह लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।



पीएम मोदी पर फूल बरसाकर किया स्वागत, हाथ में कमल का फूल लेकर पीएम मोदी ने जनता का किया अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर मप्र में प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

इसी के तहत पार्टी के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जबलपुर में एक किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा रोड शो किया। पीएम मोदी के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। पीएम मोदी खुली जीप में सवार रहे। उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। लोग पीएम मोदी पर फूल बरसाकर उनका स्वागत करते नजर आए। पीएम मोदी ने भी जनता का अभिवादन किया। खास बात ये है कि रोड शो के पूरे रूट में पीएम मोदी के हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल रहा।

रोड शो शाम करीब 6.30 बजे कटंगा चौराहे से शुरू हुआ, जो छोटी लाइन पर जाकर खत्म हुआ। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के स्वागत के लिए कई मंच बनाए गए थे। कई जगह लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग मंच पर चढ़ गए। पुलिस उन्हें समझाने में जुटी रही। लेकिन लोग जबरन मंच पर चढ़ते रहे। जिसके बाद स्वागत मंच पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस अवसर मध्य प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक और जिले के प्रभारी मंत्री भी मौजूद रहे।

### पीएम मोदी ने नवादा और जलपाईगुड़ी में भी की सभा



### मुख्यमंत्री ने जताया पीएम का आभार

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो पर कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभारी हूं। मैं अपनी और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर रहा हूं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एक दिन पहले से ही पहुंचे हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा के साथ सभी प्रदेश के नेता व प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



### साधु-संतों ने किया पीएम मोदी का स्वागत

खासबात ये रही कि रोड शो के रूट में साधु-संतों के लिए भी एक मंच बनाया गया था। पीएम मोदी जब यहां पहुंचे तो साधु-संतों ने मंत्रोच्चार के बीच उन पर फूल बरसाकर स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी हाथ जोड़कर अभिवादन किया और आशीर्वाद लिया।

### रोड शो को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। भाजपा का दावा है कि 50 हजार से ज्यादा लोग रोड शो में जुटे। रोड के दोनों ओर खड़े लोग पीएम मोदी को देखकर उत्साहित दिखे। साथ ही मोदी-मोदी के नारे भी लगा रहे थे। कई लोग अपने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीरें लेकर पहुंचे थे। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के बड़े-बड़े पोस्टर भी लगाए गए थे।

इंडि गठबंधन पर बरसे नड्डा

### एक भ्रष्टाचार रोक रहा, तो दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचा रहा



**अरियालुर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडि गठबंधन पर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं और या भ्रष्ट लोगों को बचाने में लगे हैं। नड्डा ने कहा कि दूसरी ओर पीएम देश से भ्रष्टाचार खत्म करने पर लगे हैं। नड्डा ने कहा कि इंडि गठबंधन के नेता भ्रष्ट लोगों को बचाते हैं। डीएमके पर हमला बोलते हुए कहा कि जो वंशवाद, ठगी और कट्टा पंचायत के लिए खड़े है उनका सच लोगों को पता है। विपक्षी नेता महज पारिवारिक पार्टियां चला रहे हैं और अपने वंशवाद और पारिवारिक पार्टियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, भ्रष्ट द्रमुक शासन के तहत तमिलनाडु में भी विकास दांव पर है और लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए द्रमुक और उसके सहयोगियों को उखाड़ फेंकना चाहिए।

राजस्थान में बोले रक्षामंत्री राजनाथ

### पीएम के फोन से रुका रूस-यूक्रेन युद्ध', पूर्व नौसैनिकों को छुड़ाया



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजस्थान के बीकानेर में रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र किया।सिंह ने कहा, पीएम के फोन पर साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध को रोक दिया गया था और भारत के लोग वापस आ गए। कतर में भारत के कुछ पूर्व नौसेना के जवानों को वहां की कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। पीएम के कारण सभी भारत आए।

सीएम योगी ने राजस्थान में भरी हुंकार

### कांग्रेस सरकार में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी



**भरतपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। भरतपुर जिले के हलैना में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के वक्त में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। हलैना के बाद दौसा जिले की लालसोट में जनसभा को संबोधित किया। प्रत्याशी के समर्थन में सभा की।

राहुल का नया चुनावी वादा

### सत्ता में आए तो कराएंगे 'संपत्ति के बंटवारे' का सर्वे



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के 'जितनी आबादी उतना हक' नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है।

### रैली कीजिए...बैठक कीजिए पर दंगा नहीं



**पुरुलिया।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पुरुलिया सीधे तौर पर तो भाजपा का नाम नहीं लिया मगर कहा कि रैली कीजिए-बैठक कीजिए लेकिन दंगा नहीं करना।

### महबूबा अनंतनाग से लड़ेंगी चुनाव



**अनंतनाग।** जम्मू कश्मीर पांच लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से सबसे हॉट अनंतनाग-राजोरी सीट को माना जा रहा है। पीडीपी ने ऐलान किया कि पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती इस सीट से चुनाव लड़ेंगीं।

---

## खबर संक्षेप

### बरौनी-ग्वालियर ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप



**बाराबंकी।** बरौनी -ग्वालियर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11124) में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ते ने तलाशी की। ट्रेन को करीब 50 मिनट रोका गया। बोगियों में बम की सघन तलाशी की गई। सूचना गलत पाई गई। तलाशी में ऐसी कोई सामग्री नहीं निकली। रविवार सुबह 9:32 पर सूचना मिली थी।

### हरदोई में फायरिंग, चले ईंट-पत्थर, दहशत फैली



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद में कोतवाली शहर इलाके में कुछ युवकों ने एक मोहल्ले में जमकर फायरिंग और पथराव किया, साथ ही जमकर उत्पात मचाया। अब इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दबंगई और फायरिंग का वीडियो झबरा पुरवा मोहल्ले का बताया जा रहा है। युवक ईंट पत्थर चलाते हुए और फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी।

### बस पलटने से चार लोगों की मौत



**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी बस के होलालकेरे शहर के पास रविवार तड़के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुई। हादसे में करीब 30 लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से आठ की हालत नाजुक है। घायलों को होलालकेरे ताल्लुक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

घर में घुसकर मारपीट का आरोप

# बंगाल पुलिस ने एजेंसी अफसरों के खिलाफ ही दर्ज किया मामला

### टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर की गई कार्रवाई

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है।गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। अधिकारियों ने उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है। भूपतिनगर थाने में आईपीसी की धारा 325,34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ग्रामीणों और समर्थकों ने जमकर किया था पथराव




एनआईए टीम साल 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने गई थी। इस दौरान एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोलकाता ला रही थी, उसी दौरान एनआईए टीम पर हमला हुआ। ग्रामीणों ने एनआईए टीम के काफिले को घेर लिया और पथराव कर दिया। इस हमले में कई अधिकारी घायल हुए हैं। एनआईए टीम पर हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर भाजपा टीएमसी सरकार पर हमलावर है। भाजपा का आरोप है कि ममता के शासनकाल में राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और पुलिस की मिलीभगत से ये सब हो रहा है।

### ममता बोलीं: लोगों को जो करना चाहिए था किया

सीएम ममता बेनर्जी ने पूछा कि एनआईए आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था।

### ममता हमलावरों का कर रहीं समर्थन:भाजपा

इस घटना पर भाजपा नेता राहुल सिंहा ने बेनर्जी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमलावरों के समर्थन में खड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि जहां सीएम हमलावरों का समर्थन करेगी, वहां हमले तो स्वाभाविक है।

### उधर, केरल में छात्र की सुसाइड की जांच सीबीआई को सौंपी



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केरल के वायनाड जिले के एक कॉलेज हॉस्टल में 20 वर्षीय पशु चिकित्सा छात्र की मौत के मामले को अपने हाथ में ले लिया है। छात्र सिद्धार्थन जेएस का शव 18 फरवरी को हॉस्टल के बाथरूम के अंदर पाया गया था। उनके परिवार ने आरोप लगाया था कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की छात्र शाखा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी या सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं सहित अन्य छात्रों ने उनके साथ रैगिंग की थी।

### 29 घंटे तक शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी

केरल पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की रिपोर्ट जो उन्होंने सीबीआई को दी थी, उसमें कहा कि सिद्धार्थन पर सीनियर स्टूडेंट्स द्वारा 29 घंटे तक लगातार हमला किया गया, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का आरोप खारिज किया

## सोच- समझकर बनाए संबंध का आधार गलतफहमी नहीं हो सकता



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि जब कोई महिला किसी पुरुष के साथ सोच-समझकर शारीरिक संबंध बनाती है, तो उसकी सहमति को गलतफहमी पर आधारित नहीं कहा जा सकता, जब तक कि शादी के झूठे वादे का स्पष्ट सबूत न हो। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ दुराचार के एक मामले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने माना कि यह मामला उसके और महिला के बीच सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलझ गया है।

बागी विधायक सुधीर ने खोला मोर्चा

## मानहानि नोटिस के बाद अब सीएम सुक्खू के खिलाफ शिकायत दर्ज



**शिमला।** भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने सीएम के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। सुक्खू की '15 करोड़ रुपए में विधायक बिके' वाली टिप्पणी पर 6 बागी विधायक काफी गुस्से में हैं। सुधीर ने सुक्खू को 5 करोड़ के मुआवजे की मांग की।

**सुधीर ने सीएम के आरोपों को बताया बेबुनियाद**

कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक और राज्य पुलिस प्रमुख को संबोधित शिकायत दी। शर्मा ने कहा ऊना जिले के कुटलेहड़ में सुक्खू द्वारा दिए गए भ्रामक भाषण के संबंध में मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक वीडियो और मीडिया रिपोर्ट सामने आई हैं। 4 बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं कि विधायकों को 15-15 करोड़ में बेचा गया।शर्मा ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है।

रायपुर में अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## एंबुलेंस में छिपाकर ले जा रहे थे सवा दो करोड़ का गांजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के पटपर चौक में पुलिस ने ओडिशा से भारी मात्रा में गांजा एंबुलेंस में छिपाकर तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 752 किलोग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 2 करोड़ 25 लाख बरामद कर वारदात में प्रयुक्त एंबुलेंस जब्त किया है। पुलिस ने संदिग्ध एंबुलेंस सीजी 04 एचडी 7836 को रोका तथा सवारों सागर चौहान , निवासी चन्द्रनगर, वकील कुमार गौतम , निवासी धनावर थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश से पूछताछ की तो वे घबरा गए।



### पड़ोसी राज्यों में सप्लाई

ओडिशा से एंबुलेंस के माध्यम से बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी कर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश में किए जाने का भी खुलासा हुआ है। तस्कर ओडिशा से सस्ते दर पर गांजा लेकर तस्करी करते हैं और इन राज्यों में महंगे दामों में बेच देते हैं। वे अक्सर बलौदाबाजार– भाटापारा मार्ग का उपयोग करते हैं। ओडिशा से सारंगढ़–बिलाईगढ़, गिधौरी, कसडोल, बलौदाबाजार होते हुए भाटापारा पहुंचते हैं।

बांके बिहारी के दर्शन के लिए तीसरे दिन रविवार को लगी भीड़

लोगों के केवल सिर ही सिर नजर आ रहे थे

## लोगों का उमड़ा सैलाब और सड़कें हो गईं जाम

*सुबह से ही 500 मीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही*

एजेंसी ▸▸ वृंदावन

यहां के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में तीसरे दिन रविवार को भी भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही 500 मीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मंदिर के पट बंद होने के बाद तक बांके बिहारी मंदिर के आसपास गलियों में प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं के सिर ही सिर नजर आए। भीषण गर्मी में भीड़ का दबाव और धक्का मुख के बीच सर्वाधिक परेशानी बुजुर्गों और महिला श्रद्धालुओं को हुई।



**भीड़ को काबू करने में छूटा पसीना**

पुलिसकर्मी भीड़ को आगे बढ़ाते और रुक-रुककर श्रद्धालुओं को भेज रहे थे। इसके बावजूद भीड़ पर नियंत्रण कर पाना पुलिसकर्मियों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा था। भीड़ के आगे पुलिसकर्मी और मंदिर की सुरक्षा गार्ड भी पसीने से तर बतर हो गए।

### कंधों और गोदी में बैठे बच्चे रो रहे थे

लोगों के कंधों और गोदी में बैठे बच्चे भी भीड़ के दवाब को देख रोने लगे। विद्यापीठ चौराहा से बांके बिहारी मंदिर पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगा। मंदिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा नजर आया। जगह-जगह लगे पुलिसकर्मी भीड़ को आगे बढ़ाते और रुक-रुककर श्रद्धालुओं को भेज रहे थे। इसके बावजूद भीड़ पर नियंत्रण कर पाना पुलिसकर्मियों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा था। भीड़ के आगे पुलिसकर्मी और मंदिर की सुरक्षा गार्ड भी पसीने से तर बतर हो गए।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी का चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा।

### अच्छे मानसून से एफएमसीजी उत्पादों की मांग बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** प्रमुख कंपनियों को चालू वित्त वर्ष में एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) की उपभोक्ता मांग को बढ़ाने के लिए व्यापक-संकेतकों और अच्छे मानसून व रबी फसलों को लेकर सुधार की उम्मीद है। मार्च तिमाही में कमजोर परिचालन परिस्थितियों के बीच एफएमसीजी की उपभोक्ता मांग सुस्त रही।

### एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 325 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में उच्च मूल्यांकन और आम चुनावों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सतर्क हो गए हैं, और उन्होंने इस महीने के पहले सप्ताह में बाजार से 325 करोड़ रुपये निकाले। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में 35,000 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश करने के बाद एफपीआई ने शुद्ध निकासी की।

### कम आपूर्ति से सभी तेल की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** शादी-विवाह के मौसम एवं नवरात्र से पहले खाद्यतेलों की बढ़ती मांग तथा देश में आयातित खाद्यतेलों की कम आपूर्ति रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों में सुधार आया। इस दौरान सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल तेजी दर्शाते बंद हुए।

# तेल के दाम बढ़ने से खाद्य वस्तुओं की कीमतें सात महीने की ऊंचाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। मार्च महीने में ग्लोबल फूड प्राइसेज में इजाफा देखने को मिला है। जुलाई 2023 के बाद ये पहला मौका है जब वैश्विक स्तर पर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखा गया है।

- वैश्विक स्तर पर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखा गया

संयुक्त राष्ट्र की फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि अनाजों की कीमतों में कमी के बावजूद खाने के तेल के दामों में उछाल के चलते वैश्विक खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ी है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (एफएओ) के फूड प्राइस इंडेक्स पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 1.1 फीसदी पर जा पहुंचा है और मार्च 2024 में ये 118.3 प्वाइंट पर रहा है।

## मार्च महीने में ग्लोबल फूड प्राइसेज में इजाफा देखने मिला

### तेल के सब-इंडेक्स में 8 फीसदी उछाल

खाने के तेल का सब-इंडेक्स पिछले महीने के मुकाबले 8 फीसदी उछाल के साथ एक साल के हाई पर जा पहुंचा है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक पाम, सोया, सनफ्लावर और रेपसीड ऑयल के दामों में तेजी देखी जा रही है। पाम उत्पादन करने वाले देशों में सीजन के दौरान आउटपुट में कमी आने के चलते पाम आयल के दामों में उछाल देखा जा रहा है।



### एशियाई देशों में तेल की भारी मांग

पाम आयल के दक्षिणपूर्व एशियाई देशों में भारी मांग के चलते भी दामों में उछाल देखने को मिल रही है। बायोफ्यूल सेक्टर की ओर भारी मांग के चलते सोया ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एफएओ के मुताबिक मार्च महीने में डेयरी प्राइसेज 2.9 फीसदी बढ़ी है तो मीट प्राइसेज 1.7 फीसदी बढ़ी है।

### महंगाई को लेकर दबाव बना रह सकता है

इससे पहले यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद खाद्य वस्तुओं की कीमतें रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंची थी। लेकिन उसके बाद कीमतें कम हुई है। भारत में आरबीआई गवर्नर ने मॉनिटरी पॉलिसी ऐलान करते हुए कहा कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जिससे महंगाई को लेकर दबाव बना रह सकता है।

## पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज जाल में फंसने की दी चेतावनी

# बिजली मंत्री ने मुफ्त बिजली देने के लिए कर्ज लेने पर सचेत किया

### पंजाब ने सरकार से 47 हजार करोड़ का कर्ज लिया

इसके चलते वे ऋण के जाल में फंस गए हैं। ऐसा करने वाले राज्यों के नाम पूछने पर उन्होंने पंजाब का नाम लिया। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार ने पहले दो वर्षों में 47,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया, जिससे राज्य पर कर्ज का बोझ और बढ़ गया।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिजली मंत्री आर के सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो।

सिंह ने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है, और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

### बिजली मुफ्त नहीं है

सिंह ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह राज्यों से कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।'






### राज्य को अधिक कर्ज लेना पड़ रहा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिन राज्यों पर पहले ही बहुत कर्ज है, वह भी ऐसे लोकलुभावन उपायों का सहारा ले रहे हैं, और उन्हें बिजली संयंत्रों को भुगतान करने के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ रहा है।

**ऐसी लोकलुभावन योजना तभी ठीक जब राज्य के पास पर्याप्त धन हो**

**किसी भी दूसरी चींज की तरह बिजली की भी उत्पादन लागत होती है**

**उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं दिया तो उत्पादन कैसा होगा**

### आने वाली योजनाओं के लिए धन नहीं होगा

सिंह ने कहा कि अगर हालात को संभाला नहीं गया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सड़क, अस्पताल और स्कूल बनाने के लिए धन नहीं होगा, क्योंकि जो भी राजस्व आएगा वह ऋण चुकाने में चला जाएगा।

### भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़ा

भारत का कोयला आयात फरवरी 2024 में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा। इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था।

### फरवरी में आयात 1.91 करोड़ टन रहा

एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, 'फरवरी 2024 में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है।' फरवरी में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

### आयात फरवरी में बढ़ा

एमजंक्शन ने कहा, 'कोकिंग कोयले का आयात फरवरी में बढ़कर 45.6 लाख टन रहा, जबकि पिछले साल फरवरी में यह 44 लाख टन था।' ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने कहा कि देश का कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था।


***गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16 करोड़ टन रहा***

*बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।*

# एआई से कार्यकुशलता बढ़ सकती है: सीसीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं।



- लेकिन बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं भी हैं

निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने पीटीआई-भाषा को हाल में एक साक्षात्कार में बताया कि अध्ययन में यह भी देखा जाएगा कि एआई का उपयोग नियामक कैसे कर सकता है। कौर ने कहा, 'एआई और मशीन लर्निंग के बढ़ते प्रभाव से प्रतिस्पर्धा कानून के लिए अवसर और चुनौतियां, दोनों हैं।' उन्होंने कहा कि ये प्रौद्योगिकियां कार्यकुशलता और नवाचार को बढ़ावा दे सकती हैं, लेकिन बाजार में एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी बढ़ा सकती हैं।

### नियामक की घटनाक्रम पर बारीक नजर

कौर ने इस बात पर भी जोर दिया कि नियामक इन घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धा ढांचा मजबूत रहे और नए बदलावों का मुकाबला किया जा सके।

## बाजार पूंजीकरण में एचडीएफसी बैंक व एलआईसी रहे लाभ में

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में चार ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में 1,71,309.28 करोड़ रुपये जोड़े। इनमें एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सबसे अधिक लाभ हुआ। दूसरी ओर, शीर्ष 10 कंपनियों के समूह में छह कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 78,127.48 करोड़ रुपये घट गया। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 596.87 अंक या 0.81 फीसदी चढ़ा। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी को लाभ हुआ।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

### टाटा स्टील की बिक्री छह फीसदी बढ़ दो करोड़ टन...

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली। टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टीसीएस के नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से प्रभावित होगी।

ईद-उल-फितर के मौके पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेशकों का रुख, रुपये-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल की कीमतें भी उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख संतोष मीना ने कहा, 'भारतीय कंपनियां इस सप्ताह चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा शुरू करेंगी। इस क्रम में आईटी सेवा कंपनी टीसीएस सबसे पहले अपने नतीजे घोषित करने वाली है।' टीसीएस के नतीजे 12 अप्रैल को जारी होंगे। उन्होंने बताया कि भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे और इसी दिन मार्च के लिए मुद्रास्फीति की घोषणा की जाएगी।



- वैश्विक रुझान से प्रभावित रहेगा बाजार
- ईद पर गुरुवार को बंद रहेगा बाजार

मीना ने कहा कि निवेशक डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश गतिविधियों पर करीब से नजर रखेंगे।

### इस सप्ताह शुरू होंगे तिमाही नतीजे आने

पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 596.87 या 0.81 फीसदी चढ़ गया। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह तिमाही नतीजे आने शुरू होंगे और सभी का ध्यान मुख्य रूप से आईटी शेयरों पर होगा।

## वोल्टास एसी की बिक्री 20 लाख इकाई के पार


**नई दिल्ली।** घरेलू एयर कंडीशनर (एसी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी वोल्टास की एसी बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 35 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 20 लाख इकाई के पार हो गई है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही वोल्टास घरेलू बाजार में यह आंकड़ा पार करने वाली पहली कंपनी बन गई है। टाटा समूह की कंपनी ने बयान में कहा कि इस प्रदर्शन का श्रेय वर्ष के दौरान कूलिंग उत्पादों की लगातार मांग, एक मजबूत ऑफलाइन और ऑनलाइन वितरण नेटवर्क और नवाचार आधारित नए उत्पाद पेश करने को दिया गया है। वोल्टास ने कहा, 'कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20 लाख से अधिक एसी बेचने की उपलब्धि हासिल की, जो भारत में किसी भी ब्रांड द्वारा किसी वित्त वर्ष में एसी की अब तक की सबसे अधिक बिक्री है।'

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया: नई एसयूवी से 'अपना रास्ता बनाएं'

**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया, जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है। ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुनः प्रवेश को चिह्नित करते हुए, ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग, अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई- सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो विकल्प में 5500 आरपीएम पर 100.06 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है, जो मैनुअल के लिए 21.5 किमी/लीटर और ऑटोमैटिक (स्वचालित) के लिए 20.0 किमी/लीटर की सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता के साथ पावर पैक्ड ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन 21.7 मैनुअल और 22.8₹ (एएमटी) किमी/लीटर की ईंधन दक्षता के साथ 6000 आरपीएम पर 89.73 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर ई-सीएनजी विकल्प में भी उपलब्ध है जो 28.5 किमी/किग्रा की ईंधन दक्षता प्रदान करता है।




## शब्द पहेली - 5475



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 5474 का हल



## सूडोकु नवताल - 5486

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5485 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री
585 चौके
365 छक्के

## खबर संक्षेप




### अमेरिका में जोर पकड़ रहा है क्रिकेट पर्यटन

**वाशिंगटन।** भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट के दीवाने देशों की बड़ी प्रवासी आबादी की उपस्थिति ने ऐसा लगता है कि अमेरिका में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र का एक नया आयाम खोल दिया है। बिहार के भारत-अमेरिकी दंपत्ति द्वारा स्थापित फ्लोरिडा स्थित क्रिकेटबस्टर भारतीय-अमेरिकी और क्रिकेट खेलने वाले देशों के लोगों के बीच इस 'क्रिकेट की दीवानगी' को भुनाने की कोशिश कर रहा है। कंपनी लोगों को अनुकूल यात्रा पैकेज की पेशकश कर रही है जिसमें आधिकारिक मैच टिकट, होटल, उड़ानें, क्रूज और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट और दुनिया की टी20 लीग के कई अन्य आकर्षण शामिल हैं।

### फॉर्म और आत्मविश्वास के लिए जूझ रहे बल्लेबाज

**जयपुर।** मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी टीम की पांच मैच में चौथी



हार के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म के बावजूद रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के बल्लेबाज 'फॉर्म और आत्मविश्वास' को लेकर जूझ रहे हैं। कोहली (113) के शानदार शतक के बावजूद आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना सका जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर की 58 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी की बदौलत जीत दर्ज की।

### पाक टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों



मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमशः अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं।

### कोहली की काम के प्रति ईमानदारी अतुलनीय

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी इकाई के पूर्व प्रमुख नीरज कुमार ने इस शक्तिशाली क्रिकेट बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान सुपरस्टार विराट कोहली की काम के प्रति ईमानदारी को 'अतुलनीय' पाया। दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज ने 2015 से 2018 के बीच बीसीसीआई के साथ काम किया।

# एथलेटिक बिलबाओ 23वें बार बना कोपा डेल रे चैंपियन

एजेंसी ▶▶| सेविले

- पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराया
- नियमित और अतिरिक्त समय में 1-1 रहा स्कोर
- चार दशक बाद जीता टूर्नामेंट का खिताब

एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा।

बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने पेनल्टी शूट आउट में गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा।




### 1984 में जीता था पिछला खिताब

नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टीम को इसके बाद छह बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर

*लंदन। लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है। खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।*

## आईपीएल : पांच बार के चैंपियन ने तीन मैचों के बाद खोला खाता

# मुंबई की पहली जीत, दिल्ली की चौथी हार, शेफर्ड ने 10 गेंद पर ठोके 39 रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई। मुंबई की तीन हार के बाद यह पहली जीत है जबकि दिल्ली को पांच मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गई है।

रोहित शर्मा (49 रन) और ईशान किशन (42 रन) ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (नाबाद 45 रन), कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन) और शेफर्ड ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी संभाली। पृथ्वी साव (66 रन) और अभिषेक पोरेल (31 गेंद पर 41 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी करके दिल्ली को शुरुआती झटके से उबारा। ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 गेंद पर तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन बड़े लक्ष्य के दबाव में अन्य बल्लेबाज नहीं चल पाए।



### सूर्यकुमार वापसी में फेल

सूर्यकुमार यादव अपने कमबैक मैच में बल्ले से एक भी रन नहीं बना सके। सूर्या 2 गेंद पर ही तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया का शिकार बने। सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। विश्व के नंबर 1 टी20 बैटर सूर्या पूरी तरह से फिट नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने आईपीएल 2024 में शुरुआती मैच मिस करे। वापसी में बल्ले से फ्लॉप होने के बाद सूर्यकुमार यादव को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

### सर्वाधिक 200+ टोटल

| रिकॉर्ड बार | टीम |
|---|---|
| 29 | सीएसके |
| 24 | आरसीबी |
| 24 | एमआई |
| 22 | पीबीकेएस |
| 21 | केकेआर |

### पंड्या की नहीं हुई हूटिंग

*हार्दिक पंड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए सभी के लिए शिक्षा और खेल दिवस पर खेला जा रहा है जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था।*

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6 | 3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4 | 2 |
| सूर्या का सब फ्रेजर बो नोर्किया | 00 | 02 | 0 | 0 |
| पंड्या का सब फ्रेजर बो नोर्किया | 39 | 33 | 3 | 1 |
| तिलक का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2 | 4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3 | 4 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 234/5
गेंदबाजी : अहमद 4-0-39-1, ईशांत 3-0-40-0, रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर 4-0-35-2, ललित 1-0-15-0, नोर्किया 4-0-65-2

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव बो बुमराह | 66 | 40 | 8 | 3 |
| वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1 | 1 |
| अभिषेक का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3 | 7 |
| पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1 | 0 |
| ललित का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0 | 0 |
| कुशाग्र का तिलक बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 205/8
गेंदबाजी : कोएत्जे 4-0-34-4, बुमराह 4-0-22-2, मधवाल 4-0-45-0, शेफर्ड 4-0-54-1, नबी 2-0-17-0, चावला 2-0-32-0



## स्टोइनिस और यश ठाकुर चमके एलएसजी की लगातार तीसरी जीत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

- गुजरात को पहली बार हराया


लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस (58 रन) के अर्धशतक के बाद यश ठाकुर (30 रन देकर पांच विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने स्टोइनिस के अर्धशतक के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया। गुजरात टाइटन्स ने शुभमन गिल (19 रन) और साई सुदर्शन (31 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत करायी लेकिन लगातार विकेट गंवाने से टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गयी। इन दोनों के अलावा राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाये। एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किये जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। यश ठाकुर ने अपने दो ओवरों में दो दो विकेट चटकाये। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में आठ रन देकर अपनी ही गेंद पर एक शानदार कैच लपककर एक विकेट हासिल किया। गुजरात टाइटन्स ने गिल ओर सुदर्शन की बदौलत पावरप्ले में तेजी से बल्लेबाजी की। लेकिन छठे ओवर की अंतिम गेंद पर गिल (19 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें यश ठाकुर ने बोल्ड किया।

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी।



### रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय

नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है।

### डब्लूएमपीएल में स्मृति मंधाना आइकन खिलाड़ी

**पुणे ।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को इस साल जून में होने वाली पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) के आइकन खिलाड़ियों में जगह मिली है।



महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 टूर्नामेंट की आधिकारिक घोषणा की जिसमें चार टीम हिस्सा लेंगी और इसका आयोजन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्वावधान में किया जाएगा। एमसीए ने कहा, 'एमसीए महिलाओं के लिए राज्य लीग शुरू करने वाला बीसीसीआई का पहला संघ होगा।' टूर्नामेंट का आयोजन यहां गाहुंजे में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में 24 जून से किया जाएगा।

# भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी, शृंखला में 0-2 से पिछड़ी

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गई। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी। लेकिन तीसरे क्वार्टर में खराब रक्षण का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा क्योंकि मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। आस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड



(छठे और 34वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया जबकि जैकब एंडरसन (42वें मिनट) और नाथन (45वें) ने मैदानी गोल दागे। भारत के लिए जुगराज सिंह (नौवें मिनट) और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर पर गोल किए।

## कैंडिडेट्स शतरंज : महिला वर्ग में निकला सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा

# प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया, वैशाली ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में सिर्फ इसी मुकाबले का नतीजा निकला। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि



फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य अमेरिकी हिकारू नाकामूरा को अजरबेजान के निजात अबासोव से ड्रॉ खेलने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

महिला वर्ग में भारत की कोनेरू हंपी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए चीन की टैन झोंगयी को बराबरी पर रोका। चीन की ही टिंगजी लेइ ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से अंक बांटे। रूस की कैटरीना लेगनो और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक की बाजी भी बराबरी पर छूटी। पुरुष और महिला वर्ग दोनों में आठ-आठ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अभी 11 दौर का खेल बाकी है।

### कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची शीर्ष पर

पुरुष वर्ग में कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची दो अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। इनके बाद विदित और प्रज्ञानानंदा को नंबर आता है। इन दोनों के समान डेढ़ अंक हैं। इन दोनों से आधा अंक पीछे नाकामूरा, अलीरेजा और अबासोव हैं। महिला वर्ग में झोंगयी ढाई अंक के साथ सबसे आगे चल रही हैं। उन्होंने गोरयाचकिना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है। हंपी, वैशाली और लेगनो समान डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। लेइ, मुजिचुक और सेलिमोवा एक अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं।

# श्रीकांत से बहुत उम्मीद है उनका सर्वश्रेष्ठ आना बाकी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कोच पारुपल्ली कश्यप को लगता है कि किदांबी श्रीकांत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है और उन्हें उम्मीद है कि अपनी फिटनेस और खेल पर काम करने के बाद वह इस सत्र में कुछ अच्छे नतीजे हासिल करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ समय से फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस 31 साल के खिलाड़ी ने 2017 में चार सुपर सीरीज खिताब जीते थे।

विश्व चैम्पियनशिप 2021 में रजत पदक जीतने वाले श्रीकांत ने मार्च में स्विस ओपन सुपर 300 में सेमीफाइनल में पहुंचकर वापसी के संकेत दिए। कश्यप ने कहा, 'मुझे लगता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



अभी आना बाकी है और आप उससे इस साल और अगले साल अच्छे नतीजों की उम्मीद कर सकते हैं। वह फिटनेस में जूझ रहा था। उसने कोशिश की होगी लेकिन इंडोनेशिया से जिस कोच को उसने नियुक्त किया था, यह कदम कारगर नहीं रहा। वह मैच के दौरान तेजी के साथ नहीं खेल सका। वह काफी आसानी से मैच हार गया और यहां तक कि कुछ में तो चुनौती भी पेश नहीं कर सका।'

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों का टच एंड गो

## एयर स्ट्रिप पर सुखोई, जगुआर-मिराज की रिहर्सल



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 302 किलोमीटर लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फाइटर विमानों ने रिहर्सल की। इस दौरान सुखोई, जगुआर और मिराज ने 3.5 किमी की एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो किया। इसे देखने के लिए आस-पास के 5-10 गांवों के लोग मौके पर पहुंचे। मगर, सुरक्षा में तैनात पीएसी और पुलिस के जवानों ने उन्हें 500 मीटर पहले ही रोक दिया। मुख्य कार्यक्रम (एयर शो) रविवार को हुआ। रिहर्सल के दौरान एक्सप्रेस-वे के अलावा सर्विस लेन पर गाड़ियों की आवाजाही को रोक दिया गया था। भीड़ को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों के अलावा पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात रहे।



**मिग अंबाला और मिराज ग्वालियर एयरबेस से आते हैं**

एयरफोर्स के अफसर ने बताया कि मिग अंबाला, मिराज ग्वालियर, सुखोई पुणे और जगुआर गोरखपुर और प्रयागराज एयरबेस से आए हैं। रिहर्सल के बाद सभी प्रकार के फाइटर जेट लखनऊ एयरबेस पर उतरेंगे।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर 2015 में पहली बार फाइटर प्लेन ने किया था टच

पहली बार साल 2015 में इंडियन एयरफोर्स के फाइटर जेट मिराज-2000 ने मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर टचडाउन किया था। यानी सेना का यह विमान सड़क को छूकर फिर से उड़ गया था। देश में ऐसा प्रयोग पहली बार किया गया था। तब भी एक्सप्रेस-वे को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। इस एक्सरसाइज के दौरान बड़ी संख्या में एयरफोर्स के अफसर भी मौजूद थे। मिराज-2000 के टचडाउन से पहले वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर ने कई चक्कर भी लगाए थे।


## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में स्मोकिंग करने पर 30 हजार जुर्माना



**मुंबई।** पेरिस से मुंबई आ रही विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट में एक फ्रांसिसी यात्री को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फ्लाइट में सवार युवक पर आरोप है कि वह अंदर स्मोकिंग कर रहा था और कथित तौर पर अपनी सीट पर शौच कर दिया। विस्तारा एयरलाइंस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने 36 वर्षीय फ्रेंच युवक को मुंबई के सहार पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। मजिस्ट्रेट ने 30,000 रुपए की जमानत पर मुक्त कर दिया।

### दुनिया के सबसे बुजुर्ग बने टिनिसवुड, उम्र 111 साल



**लंदन।** जॉन टिनिसवुड 2 अप्रैल को दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी बन गए हैं। इसी हफ्ते वेनेजुएला के 114 साल के जॉन विसेंटे पेरेज की मौत हो गई थी जिसके बाद टिनिसवुड दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी हो गए। जॉन ने अपनी लंबी उम्र का राज बताते हुए कहा कि वो हफ्ते में फ्राइडे को मछली और चिप्स जरूर खाते हैं। लंबे जीवन का राज हर चीज में संयम रखने में है। जिंदगी से प्यार करना चाहिए और जिंदगी को लंबा जीने के लिए एक अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर जरूरी है।

सुनक बोले- सहायता के लिए प्रतिबद्ध

# गाजा में सहायता पहुंचाने बनेगा मैरीटाइम कॉरिडोर



एजेंसी ▶▶ लंदन

इजराइल-हमास संघर्ष को 6 महीने पूरे हो चुके हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मानवीय विराम के लिए अपने आह्वान को दोहराया। इतना ही नहीं उन्होंने गलियारा सैन्य और मानवीय सहायता भेजना के लिए सी कॉरीडोर बनाने की बात भी कही है। विदेशी कॉमनवेल्थ और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक नौसैनिक जहाज की तैनाती की घोषणा की और सहायता वितरण के लिए 9.7 मिलियन पाउंड तक की प्रतिबद्धता जताई। सुनक ने कहा कि गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। गाजा के बच्चों को मानवीय विराम की आवश्यकता है, जिससे लंबे समय से चले आ रहे युद्ध पर विराम लग सके। बंधकों को छुड़ाने और युद्ध पर विराम लगाने का यह सबसे अच्छा उपाय है।

### नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

इजराइल एक तरफ हमास और अन्य आतंकवादियों से लड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर इजराइल में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं और हमास के साथ चल रहे युद्ध के बीच देश में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। साथ प्रदर्शनकारियों ने हमास के द्वारा बंधक बनाए लोगों की रिहाई का आह्वान किया। तेल अवीव, कैसरिया और हाइफा की सड़कों पर हाथ में तख्ती लिए बड़ी संख्या में उतरे। तेल अवीव में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते हुए सुना गया, हम डरते नहीं हैं आपने देश को नष्ट कर दिया और हम इसे ठीक कर देंगे। हम उन्हें ताबूतों में नहीं, बल्कि जिंदा वापस चाहते हैं।

### समुद्र के जरिए भेजेंगे मदद

एफसीडीओ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों की सरकारों की मदद से साइप्रस से गाजा तक एक इंटरनेशनल मैरीटाइम कॉरिडोर की स्थापना की जा रही है, जिसकी मई की शुरुआत में चालू होने की उम्मीद है। सुनक ने बताया कि गाजा में स्थिति गंभीर है। हम उन लोगों को सहायता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें इसकी बहुत जरूरत है। अमेरिका, साइप्रस और अन्य देशों के साथ मिलकर हम सुरक्षित रूप से गाजा में सहायता देने के लिए एक एक अस्थाई तट स्थापित कर रहे हैं। ब्रिटेन के रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स ने कहा कि सशस्त्र बल पहुंचाने में हम प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

इस संगठन को खतरनाक कहता है चीन, दावा- इससे विश्व शांति बिगड़ेगी

# चीन के खिलाफ एयूकेयूएस में जापान अमेरिका-ब्रिटेन के साथ करेगा काम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले संगठन एयूकेयूएस में जल्द ही जापान की एंट्री हो सकती है। चीन का मुकाबला करने के लिए तीनों देश जल्द ही बातचीत शुरू करेंगे, जिससे जापान के सदस्य बनने का रास्ता खुल सके। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, जापान को संगठन के पिलर 2 का हिस्सा बनाया जाएगा। संधि के तहत, सदस्य देश साथ मिलकर, क्वांटम कम्प्यूटिंग, हाइपरसोनिक, एआई और साइबर तकनीकों पर काम करेंगे। जापान एयूकेयूएस के पहले पिलर का हिस्सा नहीं होगा, जिसका फोकस इस वक्त ऑस्ट्रेलिया को न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन देना है।

> पिछले साल कैलिफोर्निया में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने ब्रिटिश पीएम सुनक और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की थी।

**एयूकेयूएस के जरिए भारत के लिए परमाणु सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे**

- यूएस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपीन का पनडुब्बी-रोधी युद्ध प्रशिक्षण
- ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच नया रक्षा समूह है 'एयूकेयूएस'




### क्या है एयूकेयूएस?

सितंबर 2021 में बना एयूकेयूएस ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच नया रक्षा समूह है, जो इंडो-पैसेफिक क्षेत्र पर केंद्रित है। इस गठबंधन से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता को कंट्रोल किया जा सकेगा। इस संगठन की वर्किंग को 2 पिलर में बांटा गया था।

### चीन को रोकेगा पनडुब्बी प्रोजेक्ट

अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्बेल ने कहा कि एयूकेयूएस का पनडुब्बी प्रोजेक्ट ताइवान के खिलाफ चीन के किसी भी कदम को रोकने में मददगार रहेगा। सोमवार को सदस्य देशों के रक्षा मंत्री जापान को संगठन में शामिल होने से जुड़ी घोषणा कर सकते हैं।

### तीन देश बनाएंगे परमाणु पनडुब्बी

पिछले साल कैलिफोर्निया में हुई एयूकेयूएस की मीटिंग में 2030 तक ऑस्ट्रेलिया को न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन देने की डील की गई थी। प्रोजेक्ट के तहत ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया मिलकर 8 एसएसएन -एयूकेयूएस सबमरीन बनाएंगे, जिसमें अमेरिकी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। एयूकेयूएस की डील के मुताबिक, अमेरिका ऑस्ट्रेलिया को 3 यूएस वर्जीनिया क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन देगा। वहीं, 2 और सबमरीन भी सप्लाई की जाएंगी। वहीं चीन ने हमेशा से ही एयूकेयूएस को वैश्विक शांति के लिए खतरनाक बताया है। बता दें कि 1950 के बाद ये पहला मौका था जब अमेरिका अपनी न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी को किसी और देश के साथ साझा करने के लिए तैयार हुआ था।

### चीन के खिलाफ सैन्याभ्यास

*मनीला। चीन की आक्रामकता को देखते हुए अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रशिक्षण फैसला किया है। रविवार को क्षेत्र में सभी देश अपना पहला साझा नौसैन्य अभ्यास आयोजित किया। यह अभ्यास चीन के क्षेत्रीय दावों पर जोर देने की आक्रामक कार्रवाईयों से पैदा चिंताओं के बीच हो रहा है। बयान में कहा कि चारों संधि सहयोगी देश और सुरक्षा साझेदार हिंद-प्रशांत क्षेत्र की नींव है और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए यह अभ्यास कर रहे हैं। चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन चारों देशों ने अपने रुख की पुष्टि की कि 2016 का अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता फैसला, जिसने ऐतिहासिक आधार पर चीन के व्यापक दावों को अमान्य कर दिया था, अंतिम और कानूनी रूप से बाध्यकारी है।*



## हंगरी में पीएम के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग




- इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन
- बुडपेस्ट शहर में जमें हजारों प्रदर्शनकारी
- 'ओर्बान इस्तीफा दो और हम डरे हुए नहीं है'
- ओर्बान के लिए चुनौती बनकर उभरे पीटर

*बुडापेस्ट। हंगरी के बुडापेस्ट शहर में हजारों लोग सड़कों पर उतरे, भीड़ का यह जमावड़ा प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान के प्रशासन के खिलाफ था। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पीटर मग्यार ने कहा कि एक नया देश, एक संप्रभु, आधुनिक और यूरोपीय हंगरी का निर्माण कर रहे हैं। इस दौरान भीड़ ने ओर्बान इस्तीफा दो और हम डरे हुए नहीं है के जमकर नारे लगाए।*

## समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए आईएनएस शारदा को मिला प्रशस्ति पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री डकैती विरोधी अभियान सफलतापूर्वक चलाने के लिए दक्षिणी नौसेना कमान कोच्चि की यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया।

यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों (11 ईरानी और 8 पाक) की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसे सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था। नौसेना आरपीए की निगरानी जानकारी के




आधार पर जहाज ने जहाज को रोक लिया और रात भर गोपनीय खोज जारी रखी। 2 फरवरी 2024 की सुबह जहाज के हेलीकॉप्टर और प्रहार टीम को उतारा गया। जहाज की आक्रामक मुद्रा ने समुद्री डाकुओं को चालक दल और नाव को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर किया। अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणी से तिलमिलाया पाकिस्तान

# एक साथ काम करने वाली संभावनाओं को रोकती हैं ऐसी टिप्पणियां

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर पाकिस्तान तिलमिला गया है। पाकिस्तान ने गीदड़ भभकी देते हुए कहा कि वह अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के इरादे और क्षमता को लेकर दृढ़ है। सिंह ने एक दिन पहले कहा था कि अगर आतंकवादी देश में हमला कर पड़ोसी देश में भाग जाते हैं तो भारत पाकिस्तान में घुसने से नहीं हिचकेगा।

पाक विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने हमेशा क्षेत्र में शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है लेकिन शांति की उसकी इच्छा को गलत नहीं समझा जाना चाहिए। सिंह के बयान की आलोचना करते हुए बयान में कहा गया है कि चुनावी लाभ के लिए भारत की सत्तारूढ़ पार्टी गलत बयानबाजी कर रही है। पाकिस्तान में भारत आतंकियों का खात्मा कर रहा है। इस बारे में जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से एक इंटरव्यू में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारत घर में घुसकर मारेगा।

**पाकिस्तान उकसावे के किसी भी कदम के खिलाफ अपनी संप्रभुता पर कायम**



बोला- भारत हमारे नागरिकों को आतंकवादी कहता है

हम अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और क्षमता को लेकर प्रतिबद्ध

**पाकिस्तान दुनिया से लगा रहा गुहार**

### हमारे नागरिकों को आतंकवादी कहना ठीक नहीं

*पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि पाकिस्तान के नागरिकों को मनमाने ढंग से आतंकवादी करार देना और सजा देने का दावा करना साबित करता है कि वो दोषी हैं। आरोप लगाया गया है कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह जरूरी है कि वह भारत को उसकी गैरकानूनी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार ठहराए। पाकिस्तान उकसावे के किसी भी कदम के खिलाफ अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है।*

### यह नफरत फैलाने वाली बयानबाजी

पाक विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की सत्तारूढ़ सरकार राष्ट्रवादी भावनाओं को पैदा करने नफरत वाली बयानबाजी का सहारा लेती है। इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार न केवल क्षेत्रीय शांति को कमजोर करता है बल्कि भविष्य में एक-साथ काम करने वाली संभावनाओं को भी रोकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109